गैरसैंण, शुक्रवार
9 फरवरी 2024
वर्षः 14
अंकः 266 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## फिताड़ी हाईस्कूल में खुले आसमान में नीचे पढ़ाई

**उत्तरकाशी** : शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही व अनदेखी के कारण गोविद वन्य जीव विहार क्षेत्र के फिताड़ी गांव स्थित हाईस्कूल के छात्र-छात्रायें बर्फबारी के बीच खुले आसमान के नीचे पठन-पाठन करने को विवश हैं। जिस कारण छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को खासी दिक्कते उठानी पड़ रही हैं। मोरी ब्लॉक के फिताड़ी गांव में हाईस्कूल की स्थापना 2012 में की गई थी। स्थापना के चार वर्ष बाद 2016 से यहां विधिवत कक्षाओं का संचालन शुरू किया गया। जिसके लिए जूनियर हाईस्कूल के वर्षो पुराने भवन में तीन कक्ष आरक्षित करवाए गए। वर्तमान समय में यहां 120 छात्र-छात्रायें अध्यनरत हैं, लेकिन छात्रों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। इन दिनों मोरी ब्लॉक के फिताड़ी गांव बर्फबारी से लकदक हैं। इस परिस्थिति में शिक्षक छात्र-छात्राओं को हिमपात के बीच में ही खुले आसमान के नीचे ही पठन-पाठन करा रहे हैं। विद्यालय के शिक्षक सुरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि भवन न होने के कारण छात्र-छात्रों को पढ़ाने में परेशानी हो रही है। कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया। लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। खंड शिक्षा अधिकारी मोरी पंकज शर्मा ने बताया कि फिताड़ी में स्कूल भवन के निर्माण को लेकर उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया है। स्वीकृति प्राप्त होने के बाद ही आगे की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। (एजेंसी)

## यातायात के प्रति किया वाहन चालकों को जागरूक

**रुद्रप्रयाग** : 34 वें सड़क सुरक्षा माह को लेकर अगस्त्यमुनि में यातायात पुलिस की ओर से वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। साथ ही वाहन की क्षमता के अनुसार सवारी बैठाने की अपील गई। ताकि भविष्य में होने वाली घटनाओं पर रोक लग सके। यातायात निरीक्षक श्यामलाल के नेतृत्व में अगस्त्यमुनि कस्बे में सड़क सुरक्षा माह के तहत मैक्स टैक्सी यूनियन के वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। यातायात नियमों का पालन किए जाने की अपील की। पुलिस ने दुपहिया वाहनों में तीन सवारी न बैठाने, सवारी वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने, वाहनों को पार्किंग स्थलों पर ही पार्क करने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने के बारे में जानकारी दी। सड़क दुर्घटनाएं होने पर तत्काल घायलों की मदद करने के लिए गुड समेरिटन के तहत पुलिस द्वारा पुरस्कृत किए जाने कीजानकारी दी। सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की सुरक्षा के लिए प्राथमिक उपचार के बारे में जागरुक किया। उत्तराखण्ड पुलिस एप में प्रचलित ट्रैफिक आइज के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर तत्काल शिकायत दर्ज करने एवं मोटर वाहन अधिनियम की जानकारी व डीएल निरस्तीकरण सम्बन्धी जानकारी भी दी गई। इस दौरान अगस्त्यमुनि क्षेत्र के वाहन स्वामी मौजूद थे। (एजेंसी)

## आरबीआई ने रेपो रेट को लगातार छठी बार 6.5 प्रतिशत पर रखा बरकरार

**मुंबई, एजेंसी।** सस्ती ईएमआई की उम्मीद लगाए बैठे आम लोगों के हाथ निराशा लगी है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आर्थिक गतिविधियों में जारी तेजी एवं महंगाई पर कड़ी नजर रखते हुये लगातार छठी बार नीतिगत दर को यथावत रखने का गुरूवार को फैसला किया, जिससे ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाये आम लोगों को निराशा हाथ लगी है क्योंकि फिलहाल उनके घर, कार और अन्य ऋणों पर ब्याज दरें कम नहीं होंगी। मई 2022 से 250 आधार अंकों तक लगातार छह बार दर वृद्धि के बाद अप्रैल 2023 में दर वृद्धि चक्रको रोक दिया गया था और यह अभी भी इसी स्तर पर है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मौद्रिक नीति को यथावत बनाए रखने का फैसला किया है। इसके मद्देनजर रेपो दर के साथ ही सभी प्रमुख नीतिगत दरें यथावत हैं और समायोजन के रुख को वापस लेने का निर्णय लिया गया है।

शक्तिकांत दास ने यह घोषणा करते हुये कहा कि फिलहाल नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं की जा रही है लेकिन दरों को यथावत बनाये रखने के बीच समिति ने समायोजन वाले रुख से पीछे हटने का निर्णय लिया गया है। समिति के इस निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी।

# हल्द्वानी में लगाया कर्फ्यू, दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश

## धार्मिक स्थल पर चला बुलडोजर, 20 से अधिक पुलिसकर्मी घायल



नैनीताल, एजेंसी। उत्तराखंड में सरकारी जमीनों पर बने अवैध धार्मिक स्थलों को हटाए जाने की कार्रवाई जारी है। नैनीताल जिले के हल्द्वानी में अवैध मस्जिद और मदरसे को तोड़ा गया, जिसको लेकर शहर का माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव भी किया, जिसमें 20 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया है। कार्रवाई के दौरान हालात को संभालने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोल भी छोड़ने पड़े।

पथराव की सूचना के बाद व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद करने शुरू कर दिए थे। अंधेरा होने से पहले ही हल्द्वानी का बाजार लगभग बंद हो गया था। स्थानीय लोगों ने मस्जिद और मदरसे को तोड़ने का विरोध किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मौके पर मौजूद नगर निगम की जेसीबी भी तोड़ दी। इससे करीब 15 मिनट तक काम रुका रहा। इस बीच दूसरे जिलों से और फोर्स बुला ली गई। बनभूलपुरा में धार्मिक स्थल को तोड़ने की कार्रवाई के दौरान हुए बवाल से बाजार में भी अफरातफरी मच गई।

बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक के बगीचे में नगर निगम की टीम ने बृहस्पतिवार को अवैध मस्जिद और मदरसा तोड़ने की कार्रवाई शुरू की। मगर इसका विरोध कर रहे लोगों ने पथराव कर दिया। मामला आगजनी और तोड़फोड़ तक पहुंच गया।हालांकि शाम 4 बजे पुलिस फोर्स के पहुंचने से पहले ही बनभूलपुरा क्षेत्र की दुकानें बंद हो गई थी। वहीं बवाल की सूचना पर शाम करीब साढ़े 4 बजे ताज चौराहे से लगे मीरा मार्ग, रेलवे बाजार, नया बाजार लाइन की दुकाने एकाएक बंद होने लगी।

इसे देखते हुए बाजार में अफरा-तफरी मच गई। दुकानों में मौजूद ग्राहकों को भी दुकानदार वापस घर भेजने लगे और सामान जल्दी अंदर करने लगे। शाम साढ़े 5 बजे तक पटेल चौक, सदर बाजार, लोहार लाइन, सब्जी मंडी, बर्तन बाजार सहित अन्य बाजारों की दुकानें भी बंद हो गई। वहीं दूसरी ओर मंगल पड़ाव क्षेत्र में भी बवाल की सूचना पर अधिकतर दुकानें बंद हो गई थी।

इस दौरान उनकी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ झड़प हो गई। इस दौरान कुछ लोगों ने अपने घरों की छतों से पुलिस पर पथराव किए। जेसीबी मशीन पर भी पथराव किया गया, जिसमें 20 से अधिक पुलिसकर्मी और पत्रकार घायल हो गए। बता दें कि, बीते कई दिनों से प्रशासन और हल्द्वानी नगर निगम की टीम सरकारी जमीनों पर बने अवैध भवनों और धार्मिक स्थलों को ध्वस्त करने में लगी हुई है। गुरुवार को भी प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम बुलडोजर के साथ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के मालिक के बगीचे में पहुंची। इस दौरान यहां अवैध रूप से बनी मस्जिद और मदरसे पर बुलडोजर चलाया गया। इसके बाद से इलाके में तनाव का माहौल पैदा हो गया। हल्द्वानी नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने मस्जिद और मदरसे के संचालकों को नोटिस भेजा था, नोटिस भेजने के बाद भी उन्होंने मस्जिद और मदरसे से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखाए, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई है।

## हल्द्वानी बवाल पर सीएम धामी की आपात बैठक

**देहरादून।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में अवैध मस्जिद और मदरसा तोड़े जाने के बाद शहर में दंगे भड़क गए. मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून सीएम आवास पर आपात बैठक बुलाई है. वहीं, नैनीताल जिलाधिकारी ने शहर में कर्फ्यू लगा दिया है. इसी के साथ शहर में दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए गए है.



देहरादूनः नैनीताल जिले के हल्द्वानी में अवैध मस्जिद और मदरसा गिराए जाने के बाद शहर में तनावपूर्ण माहौल हो गया. गुस्साएं लोगों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव किया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए. वहीं उपद्रवियों ने कई वाहनों में आग भी लगा दी. मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए है. देहरादून में सीएम आवास पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इमरजेंसी बैठक बुलाई की.

बैठक में शासन और पुलिस के आलाधिकारियों मौजूद रहे. वहीं, कुमाऊं मंडल के तमाम अधिकारी वर्चुअली बैठक में शामिल हुए. सीएम की तरफ से बैठक में पुलिस अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए गए है. इसी के साथ नैनीताल जिला प्रशासन ने दंगा प्रभावित क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया है. वहीं दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए गए है.बता दें कि नैनीताल जिले के हल्द्वानी में बीते कई दिनों अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है. गुरुवार को हल्द्वानी के 'मालिक के बगीचे' इलाके में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद और मदरसा को ध्वस्त किया गया, जिसका लोगों ने काफी विरोध किया.

इस दौरान पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच झड़प भी हुई. कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव भी किया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल भी हो गए. वहीं उपद्रवियों ने कई वाहनों में भी आग लगा दी है. इलाके की स्थिति तनावपूर्ण है. शहर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. पुलिस स्थिति को काबू में करने का तमाम प्रयास कर रही है. वहीं प्रशासन का कहना है कि उन्होंने मस्जिद और मदरसा संचालक को पहले नोटिस भेजा था, लेकिन उन्होंने नोटिस के बाद भी मस्जिद और मदरसे के कोई दस्तावेज नहीं दिखाए, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई.

## श्रीनगर और ग्वाड़ में कम नहीं हो रही गुलदार की दहशत

**लोग सुबह और शाम के वक्त सर्तक रहे, अकेले न घूमे**

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : खिर्सू ब्लाक के ग्वाड़ और श्रीनगर क्षेत्र में गुलदार का दहशत कम नहीं हो रही है। श्रीनगर में गुलदार वन विभाग के ट्रैप कैमरे में कैद हुआ है। दोनों ही जगहों पर वन विभाग की प्रभावी गश्त जारी है। डीएफओ ने लोगों से अपील की है कि शाम और सुबह के वक्त सतर्क रहे और किसी भी तरह से अकेले न घूमे। वन विभाग अपने स्तर से भी लोगों को घर-घर जाकर सतर्क कर रहा है। चौबीस घंटे गुलदार पर नजर रखने लिए रेंजर एलएम नेगी की अगुवाई में टीम दौरा कर रही है। एक टीम ग्वाड तो दूसरी श्रीनगर में डेरा डाले हुए है। खासकर रात में गश्त में तेजी लाई जा रही है।

गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वनिल अनिरुद्ध ने बताया कि श्रीनगर में लगे कैमरे में गुलदार कैद हुआ है, लेकिन वह पिंजरे में नहीं गया। वन विभाग ने दोनों ही जगहों पर कैमरों के साथ ही पिंजरे भी लगाएं हुए हैं। गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में शाम 6 बजे से सुबह की 6 बजे तक कर्फ्यू लगाया गया है। गुलदार के एक साथ दो हमलों के कारण लोगों में दहशत बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है। लोग शाम होते ही अपने घरों में कैद हो जाने को विवश है। दहशत की वजह से प्रभावित क्षेत्रों में पूरी तरह से आवाजाही को बंद किया गया है।

गुलदार ने ब्लाक के शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में दहशत बना रखी है। गुलदार यहां लगे पिंजरों में कैद नहीं हो रहा है। जिसके कारण चुनौती बनी हुई है। डीएफओ ने बताया कि गुलदार के आतंक को देखते हुए वनविभाग ने एक व्हाट्सऐप ग्रुप भी बनाया हुआ है, जिसमें श्रीनगर प्रशासन के साथ ही अन्य लोगों को जोड़ा गया है। वन विभाग ने अपील की है कि यदि गुलदार की गतिविधि प्रभावित क्षेत्र में दिखाई दे तो तत्काल इसकी सूचना दें। हालांकि साथ ही अफवाहों को नजर अंदाज करने को भी कहा गया है।

## प्रधानमंत्री की जाति को लेकर राहुल के बयान पर बीजेपी का पलटवार, कहा— 1999 से ही ओबीसी में अधिसूचित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते बुधवार राज्यसभा में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि कांग्रेस के 10 साल के कार्यकाल में विकास धीमा हुआ था, लेकिन हमने रफ्तार को बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस पिछड़े वर्गों के लोगों को आगे बढ़ाना ही नहीं चाहती है। इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर पलटवार करते हुए किया और कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने खुद की जाति को ओबीसी में शामिल किया था। वायनाड सांसद के दावे में कितनी सच्चाई है, आइए जानते हैं।सबसे पहले यह जानते हैं कि राहुल गांधी ने अपने बयान में क्या कहा था। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि 'पीएम मोदी जन्म से पिछड़ी जाति से नहीं हैं। वे गुजरात की 'तेली' जाति में पैदा हुए थे। उस समुदाय को साल 2000 में भाजपा ने ओबीसी में शामिल किया। वे (पीएम मोदी) सामान्य वर्ग में पैदा हुए थे। वे कभी भी जातिगत जनगणना को नहीं कराएंगे क्योंकि वे ओबीसी में पैदा नहीं हुए थे। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी खुद को ओबीसी बताकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

## अप्रैल से चलेगी पहली मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन : महाराज

### पर्यटन विकास परिषद और आई.आर.सी.टी.सी. के मध्य हुआ करार

जयन्त प्रतिनिधि।

**देहरादून** : पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज की उपस्थिति में पर्यटन विभाग एवं आई.आर.सी.टी.सी. के मध्य देश के विभिन्न क्षेत्रों से राज्य के अल्पज्ञात गंतव्यों के लिए एक विशेष पर्यटक ट्रेन मानसखण्ड एक्सप्रेस चलाए जाने के लिए अनुबंध किया गया है। पर्यटन विभाग की ओर से डॉ. हरीश रेड़तोलिया, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आई.आर.सी.टी.सी. की ओर से समूह महाप्रबन्धक सुनील कुमार ने अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये। मानसखण्ड स्थित विभिन्न मंदिरों के भ्रमण हेतु पहली ट्रेन अप्रैल, 2024 में कोलकाता से चलाई जाएगी। उसके बाद अन्य शहरों के लिए भी तैयारी की जा रही है। मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन हेतु हुए करार के अनुसार उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् का खर्च सालाना पांच करोड़ के लगभग होगा।

कैबिगनेट मंत्री श्री महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यटन विभाग की यह महत्वाकांशी योजना है, जिससे हमारे राज्य के सुदुरवर्ती मंदिर, गंतव्य स्थान, डेस्टिनेशन अब रेल की कनैक्टिविटी से जुड़ जाएंगे। कहा कि यहां आने वाले पर्यटक/श्रद्धालु ट्रेन के गंतव्य स्थल के बाद बस सर्विस के जरिये अपने गंतव्य स्थानों तक पंहुचकर दर्शन कर सकेंगे। मानसखण्ड माला के लिए यह बहुत ही सुन्दर कनैक्टिविटी है। कहा कि बड़ी प्रशंसा हो रही है कि उत्तराखण्ड पर्यटन विभाग तथा भारतीय रेल के मध्य यह एमओयू हुआ है। उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया कि मानसखण्ड आइए आदी कैलाश, ओम पर्वत तथा यहां जो अलब्य स्थान हैं उनके दर्शन किजिए। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन को उत्तराखण्ड से जुड़े विभिन्न गंतव्यों, उत्तराखण्डी व्यंजन, त्योहार आदि के चित्रों द्वारा सुसज्जित किया जायेगा, जिससे देश के विभिन्न शहरों से गुजरने पर इन गंतव्यों के बारे में आम जनमानस को जानकारी भी प्राप्त होगी। इस ट्रेन में 500 यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। ट्रेन के सभी यात्री डब्बे, 2 एसी हैं। साथ ही ट्रेन में भोजन की व्यवस्था भी होगी। यात्रा के दौरान भोजन आदि की व्यवस्था, प्रवास के दौरान होटल, बसों द्वारा भ्रमण, गाईड आदि को टुअर पैकेज के रूप में आरटीसी, जो रेल मंत्रालय, भारत सरकार का उपक्रम है, द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।



### यात्रियों को परोसे जाएंगे उत्तराखण्ड के व्यंजन

यह ट्रेन पूर्णागिरी, हॉट कालिका, पाताल भुवनेश्वर, मायावती, बालेश्वर, मानेश्वर, जागेश्वर, गोलू देवता-चितई, नंदादेवी, कसार देवी, कटारमल अल्मोड़ा, नानकमत्ता गुरूद्वारा खटीमा और नैना देवी नैनीताल ऐसे सम्भावित स्थल हैं जिनका मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन के यात्रियों के दर्शनार्थ प्रमुख स्थान हैं। मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन में पांच सौ यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। ट्रेन के सभी यात्री डिब्बे सेकेण्ड एसी हैं। साथ ही ट्रेन में यात्रा के दौरान भोजन की भी व्यवस्था होगी। यात्रा के दौरान यात्रियों को उत्तराखण्ड के स्थानीय व्यंजन भी परोसे जाएंगे। यात्रा के दौरान होटल व्यवस्था, बसों द्वारा भ्रमण, गाइड आदि को टूअर पैकेज के रूप में आईआरटीसी रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

**प्रदेश में समान नागरिक संहिता विधेयक विधान सभा से पारित होने पर मुख्यमंत्री को किया गया सम्मानित**

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा समान नागरिक संहिता कानून : धामी

जयन्त प्रतिनिधि।

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गुरुवार को सर्वे चौक स्थित आई.आर.डी.टी. सभागार में प्रदेश में समान नागरिक संहिता विधेयक विधान सभा से पारित होने पर गर्मजोशी से स्वागत के साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने राज्य विधान सभा में नागरिक संहिता विधेयक पास होने के पीछे उत्तराखण्ड की जनता की शक्ति बताते हुये कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह कानून मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्र सरकार तथा प्रदेश की देवतुल्य जनता का भी आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे देश का नेतृत्व आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम हाथों में है, जिनके लिए देश सर्वप्रथम है, जो इस देश को ही अपना परिवार समझते हैं और अपने परिवारजनों का सुख-दुःख ही उनका सुख-दुःख है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने समान नागरिक संहिता पर देवभूमि की सवा करोड़ जनता से किये गए अपने वादे को निभाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जनता के हैं और जनता हमारी है, यह कानून जनता के लिये है, जनता की भलाई, समता और समानता के लिये बनाया गया है। कहा कि हमने 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की जनता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ''एक भारत और श्रेष्ठ भारत'' मंत्र को साकार करने के लिए उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लाने का वादा किया था। प्रदेश की देवतुल्य जनता ने हमें इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना आशीर्वाद देकर पुनः सरकार बनाने का मौका दिया। सरकार गठन के तुरंत बाद, जनता जर्नादन के आदेश को सिर माथे पर रखते हुए हमने अपनी पहली कैबिनेट की बैठक में ही समान नागरिक संहिता बनाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन का निर्णय लिया और 27 मई 2022 को उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई जी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति गठित की। इस समिति के सदस्यों में सिक्किम उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री प्रमोद कोहली जी, समाजसेवी श्री मनु गौड़ जी, उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह एवं दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल को सम्मिलित किया गया।




मुख्यमंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता, विवाह, भरण-पोषण, गोद लेने, उत्तराधिकार, विवाह विच्छेद जैसे मामलों में भेदभाव न करते हुए सभी को बराबरी का अधिकार देगा और जो प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार भी है। समान नागरिक संहिता समाज के विभिन्न वर्गों, विशेष रूप से माताओं-बहनों और बेटियों के साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त करने में सहायक होगा।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचारों को रोका जाए। हमारी माताओं-बहन-बेटियों के साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त किया जाए। हमारी आधी आबादी को सच्चे अर्थों में बराबरी का दर्जा देकर हमारी मातृशक्ति को संपूर्ण न्याय दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संहिता में पुरुष व महिलाओं को बराबरी का दर्जा देते हुए विवाह विच्छेद से संबंधित मामलों में विवाह विच्छेद लेने के समान कारण और समान अधिकार दिए गए हैं। समान नागरिक संहिता में महिला के दोबारा विवाह करने से संबंधित किसी भी प्रकार की रूढ़िवादी शर्तों को प्रतिबंधित किया गया है।

उन्होंने कहा कि हमारे इस कदम से उन कुप्रथाओं का अंत होगा जिनसे महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाई जाती थी। मुख्यमंत्री ने समान नागरिक संहिता में लिव इन संबंधों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हुए कहा कि एक वयस्क पुरुष जो 21 वर्ष या अधिक का हो और वयस्क महिला जो 18 वर्ष या उससे अधिक की हो, वे तभी लिव इन रिलेशनशिप में रह सकेंगे, जब वो पहले से विवाहित या किसी अन्य के साथ लिव इन रिलेशनशिप में न हों और कानूनन प्रतिबंधित संबंधों की श्रेणी में न आते हों। लिव–इन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को लिव-इन में रहने हेतु केवल पंजीकरण कराना होगा जिससे भविष्य में हो सकने वाले किसी भी प्रकार के विवाद या अपराध को रोका जा सके।

## सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण के लिए एससी, एसटी में वर्गीकरण करने के राज्य संबंधी अधिकार पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली , एजेंसीः** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को उस कानूनी सवाल पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया कि क्या किसी राज्य सरकार को दाखिले और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) में उप–वर्गीकरण करने का अधिकार है. प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली सात–न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और राज्यों की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं की दलीलें सुनीं, जिसमें ईवी चिन्नैया फैसले की समीक्षा का अनुरोध किया गया. शीर्ष अदालत ने 2004 में फैसला सुनाया था कि सदियों से बहिष्कार, भेदभाव और अपमान झेलने वाले एससी समुदाय सजातीय वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनका उप–वर्गीकरण नहीं किया जा सकता. पीठ में न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी, न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र मिश्रा शामिल हैं.

## सम्पादकीय

# इंटेलिजेंस प्रबंधन की नाकामी

उत्तराखंड में जहां एक और सरकार समान नागरिकता संहिता लागू करने के बाद सम्मान समारोह से फारिग नहीं हो पा रही थी तो वही जनपद नैनीताल के हल्द्वानी में ऐसा बवाल हो गया जिसमें मुख्यमंत्री को स्वयं संज्ञान लेते हुए पूरे प्रशासन को निर्देशित करना पड़ा। असल में यह पूरा मामला हल्द्वानी के बनभूलपूरा क्षेत्र से जुड़ा हुआ है जहां एक बगीचे में अवैध कब्जे को तोड़ने के लिए प्रशासन की टीम अदालत के आदेश के बाद पहुंची थी। इस स्थान पर एक पुरानी मजार है जिसे तोड़ने का लोगों ने विरोध किया और यह विरोध कुछ ही देर में बेहद हिंसक हो गया। लोगों ने पुलिस बल पर पथराव किया जिसमें कई पुलिसकर्मी की घायल हो गए और पूरे शहर में अफरा–तफरी का माहौल कायम हो गया। मौजूद पुलिस बल स्थिति पर नियंत्रण नहीं रख पाया और बेकाबू लोगों ने कई वाहनों को भी आग लगा दी। आमतौर पर इस प्रकार के संवेदनशील मामलों में कार्रवाई करने से पूर्व इंटेलिजेंस का इनपुट लेना बेहद जरूरी होता है लेकिन पूरे प्रकरण में स्थानीय अभी सूचना इकाई या इंटेलिजेंस पूरी तरह से असफल साबित हुई। कार्रवाई से पूर्व माहौल को समझने का प्रयास नहीं किया गया जिस कारण अवैध कब्जा तोड़ने के दौरान मौके पर मौजूद लोग प्रशासन और पुलिस बल पर भारी पड़ गए। इस प्रकार की कार्रवाई में पुलिस या प्रशासन पर हमला करना एक बेहद संवेदनशील मामला है और दर्शाता है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बुरी तरह से अव्यवस्थित होने के साथ–साथ काबू से भी बाहर है।

स्थानीय इंटेलिजेंस की कार्य प्रणाली भी सवालों के घेरे में है या फिर इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि क्या इस स्थान पर कार्रवाई से पूर्व जिलाधिकारी या एसएसपी द्वारा इंटेलिजेंस यूनिट को फीडबैक लेने के लिए निर्देशित किया गया था या नहीं? एक तरफ राज्य सरकार प्रदेश के अंदर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने का भरसक प्रयास कर रही है तो वही इस प्रकार की घटना ने पूरे पुलिस एवं सुरक्षा प्रबंधन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सुरक्षा व्यवस्थाओं की बुरी स्थिति का ही परिणाम है कि मुख्यमंत्री को इस प्रकरण में तत्काल अपने आवास पर बैठक बुलानी पड़ी और बैठक के दौरान ही अवैध निर्माण को हटाये जाने के दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों व कार्मिकों पर हुए हमले और क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। इस संवेदनशील मामले के सामने आने के बाद अब यह जरूरी है कि इस प्रकरण में उपद्रव करने वाले लोगों को चुन–चुन कर बेनकाब किया जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति को रोकने के लिए प्रदेश भर के जनपदों में स्थानीय इंटेलिजेंस की भूमिका भी निश्चित तौर पर तय की जानी चाहिए।

# दिमागी चिप!

**हरिशंकर व्यास**

लगता है इसी सदी में जहां जलवायु परिवर्तन पृथ्वी को खाएगा वही विज्ञान नए मानव रचेगा! नई मानव रचना में खोजी, मौलिक और क्रिएटिव पश्चिमी बुद्धि इन दिनों गजब ऊंचाइयों पर है। प्रमाण गुजरे सप्ताह की तीन खबरें हैं। एक, अमेरिकी कारोबारी इलॉन मस्क ने बताया कि मनुष्य खोपड़ी में न्यूरालिंक चिप इम्प्लांट हुआ है और शुरुआती नतीजे आशाजनक हैं। दो, अमेरिका में पहली बार जीन थेरेपी तकनीक के इलाज से 11 साल के बहरे बच्चे ऐसाम ने जीवन में पहली बार अपने पिता की आवाज सुनी। तीन, जीन तकनीक से मानव प्राइमेट्स याकि बंदर का चीन में क्लोन बना है। यह नर रीसेस बंदर स्वस्थ और खुश है। वह दो साल का हो गया है। इन तीन खबरों के साथ दिन दुनी, रात चौगुनी की रफ्तार से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) मनुष्य दिमाग की जगह जैसे ले रही है और नई क्षमताओं के रोबो की जो दुनिया बन रही है, उसकी वास्तविकताओं में बूझें तो अनुमान लगेगा, सदी के बाकी सालों में इंसानों की दुनिया बदली हुई होगी।

दिमाग में चिप भविष्य की संभावनाओं में मील का पत्थर है। कल्पना करें दिमाग की गतिविधि को प्रभावित करने (अंततः नियंत्रण करने वाला) वाले चिप पर। खोपड़ी के भीतर, खोपड़ी के काम में हस्तक्षेप करके उसके द्वारा शरीर को यह निर्देश देना कि यह फलां काम करो! चिप लकवे के मारे व्यक्ति के शरीर में हलचल बनवा देगा। उसे खड़ा कर देगा। इसके लिए दुनिया के नंबर एक उद्यमी इलॉन मस्क ने 2016 में न्यूरालिंक नाम की एक स्टार्टअप कंपनी स्थापित की थी। अब नौ साल बाद मनुष्य की खोपड़ी में उसका चिप लग गया है। दिमागी गतिविधियों, उसके कामकाज की अत्यधिक बारीक, नैनो सरंचना में शरीर के काम, क्रिया विशेष के लिंक को पकड़ कर खोपड़ी के भीतर वह चिप लगा है जो अपने निर्देशों से न्यूरोलॉजिकल विकारों जैसे पक्षाघात से पीड़ित व्यक्तियों के जीवन में गतिविधि ला देगा। पहले इस चिप का परीक्षण बंदरों में हुआ था। इलॉन मस्क के अनुसार न्यूरालिंक चिप प्रत्यारोपण करने से किसी भी बंदर की मौत नहीं हुई। उसके बाद कंपनी को पिछले साल अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्?ट्रेशन, एफडीए ने मनुष्य दिमाग में चिप प्रत्यारोपण और परीक्षण की मंजूरी दी थी।

और अब जैविक मनुष्य दिमाग में चिप के सफल परीक्षण की खबर है। न्यूरालिंक कंपनी के अनुसार उसके एन1 चिप ऐसे पदार्थ से बने खोल में होंगे, जिसे शरीर के अंदर सुरक्षित रूप से लगाया जा सकता है। चिप्स शरीर के अंदर के हालात से कहीं ज्यादा खराब और विपरीत हालात में भी काम कर सकेंगे। एन1 चिप में एक छोटी सी बैटरी लगी होती है, जिसे बिना किसी तार के, बाहर से ही चार्ज किया जा सकेगा। इसका चार्जर बहुत छोटा और कहीं से भी काम करने में समर्थ।

सोचें, दिमाग में चिप और वह बाहर से (मतलब वायरलेस तरीके से) अपने आप चार्जर से चार्ज होता हुआ। जाहिर है बैटरी कब चार्ज होनी है इसका मैसेज टेलीपैथी (वायरलेस तकनीक) से होता हुआ। तभी कंपनी ने बताया है कि पहले टेस्ट का मकसद प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांटेशन) (एन1) और सर्जिकल रोबोट (आर1) की सुरक्षा का मूल्यांकन है। साथ ही लकवाग्रस्त व्यक्ति को अपनी थिंकिंग से बाहरी उपकरणों को कंट्रोल करने में समर्थ करने के लिए टेलीपैथी वायरलेस ब्रेन–कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) की प्रारंभिक कार्यक्षमता का आकलन करना भी है।



मतलब यह हुआ कि इस टेलीपैथी तकनीक में व्यक्ति के दिमाग के सोचते ही उसका फोन या कंप्यूटर से संवाद याकि कंट्रोल बनेगा। सो, एक तरफ दिमाग में निर्देशों याकि प्रोग्रामिंग से भरा चिप। उससे फिर विकंलागों, लाचार, लकवाग्रस्त लोगों के शरीर अंग काम करते हुए। और चिप शरीर बाहर के फोन, कंप्यूटर से बात करता हुआ, उन्हें कंट्रोल करता हुआ तो बैटरी वायरलेस तरीके से चार्ज होते हुए। एक और अद्भुत बात, कंपनी ने सिलाई मशीन जैसा उपकरण बनाया है जो दिमाग के भीतर बहुत पतले धागे को प्रत्यारोपित करने में सक्षम है। और ये धागे इलेक्ट्रोड के साथ एक कस्टम–डिजाइन किए गए चिप से जुड़ते हैं, जो न्यूरॉन्स के समूहों से डाटा पढ़ते हैं।

तभी वह वक्त दूर नहीं है जब एक तरफ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में तेजी से होते विकास से रोबो का मशीनी दिमाग आम आदमियों की औसत बुद्धि से अधिक कुशाग्र होगा वहीं इंसान की खोपड़ी का जैविक दिमाग चिपों से भरा या एक ही ऐसा चिप लिए हुए होगा जो शरीर और बुद्धि दोनों को अपने निर्देशों से चलाएगा। फिर तीसरी हकीकत चीन द्वारा प्राइमेट्स की क्लोनिंग याकि जैविक बंदरों का सफल निर्माण है।

क्लोनिंग पर चीन लगातार शोध करता हुआ है। सन् 2018 में शंघाई चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज के न्यूरोसाइंस संस्थान ने बताया था कि नवंबर 2017 में दो क्लोन मकॉक बंदर 'जोंग जोंग' और 'ख्वा ख्वा' का जन्म हुआ। अब उसने रीसेस बंदर के क्लोन बनने की सूचना दी है। बताया है कि यह नर बंदर स्वस्थ और खुश है। इसकी उम्र दो साल है।

इसका अर्थ है कि आने वाले वर्षों में बंदरों को बनाते–बनाते इंसानी क्लोन बनने की सूचना आएगी। तब यह भी संभव है कि चीन अपने घमंड, अपनी ताकत में जीन थेरेपी, एआई बुद्धि के दिमागी चिपों से क्लोन मनुष्यों की फैक्टरियां ही बना डाले। फैक्टरियों में कामगारी या लड़ाकू सैनिकों जैसे खास काम के लिए मनुष्य (रोबो भी) पैदा होने लगें। यों अभी मनुष्य की सटीक आनुवांशिक नकल बनाना आसान नहीं है। पर जीन थेरेपी–तकनीक भी उतनी ही तेजी से विकसित हो रही है जैसे एआई, चिप, स्पेस और जैविक बॉयो टेक्नोलोजी में विकास छलांग मारते हुए है।

जीन थेरेपी से अमेरिका में अभी 11 साल के बहरे बच्चे का सुनना संभव हुआ तो आगे मनुष्य के देखने, सुनने, दिल और पाचन तंत्र आदि के पहलू और इलाज में जीन तकनीक का उपयोग निश्चित होना है। उस नाते बहरेपन को खत्म करने की ताजा सफलता दुनिया भर के उन मरीजों के लिए खुशखबरी है जो जेनेटिक म्यूटेशंस के कारण सुनने की क्षमता खोते हैं। नई सफलता से भविष्य में 150 से ज्यादा उन जीन–असामान्यताओं को ठीक करने का रास्ता खुलेगा, जिनके कारण बच्चों में बहरापन होता है। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' अखबार ने इस खबर का ब्योरा देते हुए बताया है कि बच्चा सुन लेगा लेकिन शायद ही कभी बोल पाए क्योंकि मस्तिष्क का जो हिस्सा बोलने की क्षमता देता है, वह पांच साल की उम्र में ही बंद हो जाता है।

पर क्या बोलने की क्षमता की बंद तंत्रिकाओं को भविष्य में मष्तिष्क में चिप के जरिए दुरूस्त नहीं किया जा सकेगा? दिमाग से शरीर के जो हिस्से सुन्न, लाचार, बंद हैं उन्हें यदि चिप से दुरूस्त किया जा सकता है तो तकनीक न केवल नकली बुद्धि, नकली शरीर, नकली दिमाग बना देगी, बल्कि मुमकिन है मनुष्यों की कौम, सभ्यताओं की सोच और संरचनाओं को भी दिमागी चिप या जीन थेरेपी से बदलने लगे। और इसका फायदा तानाशाह–शैतान शासक उठाएंगे। वे लोगों को पालतू, अंधभक्त और पराधीन, गुलाम बनाने में विज्ञान–तकनीक के नए विकास भरपूर दुरूपयोग करेंगे।

दुर्भाग्य जो यह सब बुनियादी तौर पर अमेरिका व चंद पश्चिमी देशों के खोजियों, पुरुषार्थियों की उन टोलियों से होता हुआ है जो मूलत होमो सेपियन की खोजी प्रवृत्ति, सत्यशोधन के सनातनी आनुवांशिक बुनावट लिए वे स्वतंत्र बुद्धिमना हंस हैं, जिनकी चरैवति–चरैवति की अनंत उड़ान से ब्रह्माण्ड भी भेदा जाने लगा है।

विषयांतर हो गया है। फिलहाल सोचे, अमेरिका और उसके नंबर एक उद्यमी, टेस्ला कंपनी के मालिक इलॉन मस्क पर। कैसा अद्भुत उद्यमी है। मस्क ने बैटरी संचालित, बिना ड्राइवर के वाहन बना दुनिया में झंडा गाड़ा। दुनिया का नंबर एक अरबपति बना तब भी वह अपनी पूरी ऊर्जा के साथ अंतरिक्ष उड़ान के स्पेसक्राफ्ट की रिसर्च–निर्माण में पैसा उढ़ेलते हुए है तो दिमागी चिप और एआई आदि में भी शोध और निर्माण का धुनी निवेशक है। वैसे ध्यान रहे दिमागी चिप, जीन थेरेपी, एआई और स्पेस आदि में अमेरिकी उद्यमियों के अरबों डालर के निजी निवेश हैं। जितनी विशाल कंपनी उनकी उतनी ही विशाल फंडिंग। ठीक विपरीत जरा भारत के अडानी–अंबानियों की खरबपति जमात पर गौर करें। केवल और केवल क्रोनी पूंजीवाद से देश और 140 करोड़ लोगों को दूहना और मुनाफे की दुकानदारी के सेठ बने रहना। इसलिए क्योंकि 11 सौ सालों से जी हजूरी, गुलामी, लूट, भ्रष्टाचार, झूठ, पाखंडी विकास के इकोसिस्टम के आदी हम हिंदुओं की दिमागी व्याधियां इस कदर बुद्धि को कुंद किए हुए हैं कि नकल, जुगाड़ और झूठ में ही विकसित भारत, विश्व गुरू होने के इलहाम पाले रहते हैं। तभी हमारे पराधीन, भयाकुल,भक्त, जुगाड़ू दिमाग के बूते संभव नहीं जो मौलिक, रियलया सच्चे कोई पुरषार्थ हों या उद्यमी हिम्मत दिखाएं। मतलब भेड़–बकरी की मानसिकता से इतर यह हममें यह हिम्मत बने किझ कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों!

सो, अपनी भविष्यवाणी है कि जैसे अमेरिकी पुरुषार्थियों के गूगल, व्हाट्सअप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम से भारत जैसे देशों के दिमाग कुंद–बीमार होते हुए है वैसे ही आने वाले सालों में हमारी भयावह दुर्दशा होगी। वे दिमागी चिप बनेंगे, वे रोबो, वह क्लोन और वह एआई प्रोग्रामिंग बनेगी, जिनसे पृथ्वी के मानव हमेशा के लिए दो हिस्सों में विभाजित हो जाने हैं। दो दुनिया बननी है। एक दुनिया अमेरिका और पश्चिम के बुद्धिमना लोगों की होगी, जो पृथ्वी की शेष आबादी के इंसानों, उनके नेताओं, उनकी राजनीति, आर्थिकी के लिए दिमागी चिप बनाएंगे और भेड़ों की भीड के परोक्ष नियंत्रणकर्ता मालिक होंगे। मतलब इसी सदी के खत्म होते–होते बुद्धि–विज्ञान–तकनीक की मेधा के एकाधिकार वाली चंद करोड़ लोगों की एक दुनिया होगी तो दूसरी दुनिया उन अरबों लोगों की होगी जो गुलाम–भेड़ बकरी मनोदशा की नियति के साथ बुद्धिमानों की पहली दुनिया पर आश्रित रहेंगे। सोच सकते हैं सबसे बड़ी आबादी (140 से 165 करोड़) वाला भारत किस दुनिया का हिस्सा होगा!

# हरदा हादसाः अब जो होगा, वह भी लोगों को पता है

**कीर्ति राणा**

मध्यप्रदेश के हरदा में अवैध तरीके से चल रही पटाखा फैक्ट्री में लगी आग से हुई तबाही में यह प्रश्न गौण हो गया है कि कितने लोग असमय मौत का शिकार हुए? हरदा ही नहीं, देश के लोगों को यह पूछने का हक है कि सालों से यह फैक्ट्री वो भी बीच रहवासी क्षेत्र में चल कैसे रही थी? जांच समिति बना ही दी है, जब किसी मामले में सरकार ऐसी समिति गठन में तत्परता दिखाए तो आमजन याद करने लगता है कि जनहानि वाले मामलों को लेकर पहले जो जांच समितियां गठित की गईं, उनकी फाइलों ने फैसले उगले भी या नहीं! गुना बस हादसे में कलेक्टर, एसपी पर गाज गिरी थी। आज मुख्यमंत्री हरदा जा ही रहे हैं... ऐसा ही कुछ निर्णय लेकर अपनी सरकार पर लगे दाग धोने की तत्परता दिखा सकते हैं !हरदा की आग में जिन निर्दोषों की बलि चढ़ गई, उनके परिवारों को न तो फैक्ट्री मालिक राजेश अग्रवाल और दिनेश की गिरफ्तारी से संतोष मिलेगा और न ही मुआवजे की राशि उनके आंसू पोंछ पाएगी। इसी फैक्ट्री में पहले भी हुए विस्फोट में दो लोगों की जान जा चुकी है ।वहां के कलेक्टर के आदेश का तत्कालीन (अब इंदौर) संभागायुक्त माल सिंह भायडिया द्वारा भी शत–प्रतिशत पालन के निर्देश दिए गए होते तो फैक्ट्री बंद रहती, ऐसा नहीं हुआ तो दोषी प्रशासनिक अधिकारी भी हैं, क्योंकि राजनीतिक संरक्षण बिना इतनी ढील देना संभव ही नहीं !मप्र में पटाखों, बारुद से विस्फोट की यह पहली घटना नहीं है। मुरैना, राऊमें पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में हुई मौतें, पेटलावद में 7 दर्जन से अधिक निर्दोषों के चीथड़ों की पोटलियों वाले लोमहर्षक दृश्य और जांच समिति की घोषणा लोग भूले नहीं हैं। इससे पहले बालाघाट में 29 और दमोह 7 लोगों की मौत भी ऐसे ही विस्फोट में हो चुकी है ।इन सारे विस्फोट के बाद अब यदि लोगों को यह लगने लगे कि 18 वर्ष के बाद बस सीएम बदले हैं... लापरवाही का ढर्रा वैसा ही चल रहा है तो ताज्जुब नहीं होना चाहिए! अब जो होगा, वह भी लोगों को पता है... गुना बस हादसे के बाद जिस तरह बसों की चैकिंग का अभियान चला था, वैसे ही इंदौर, भोपाल, दमोह, बालाघाट, हरदा आदि शहरों में पटाखा निर्माताओं, दुकानदारों के खिलाफ 'सख्ती पखवाड़ा' चलाकर लापरवाही की आग पर फोम डाल दिया जाएगा। कलेक्टर, एसपी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई तो होनी ही चाहिए, लेकिन दंडित किए जाने से पहले इन अधिकारियों से बंद कमरे में ही सही... सरकार पुचकार के यह भी तो पूछ ले कि हरदा के पूर्व विधायक कमल पटेल हों या बैतूल के सांसद दुर्गादास उईके... इन जनप्रतिनिधियों या इनके पों ने वर्षों से संचालित हो रही अवैध पटाखा फैक्ट्री के सरगनाओं को संरक्षण क्यों दे रखा था?

# न्यूजीलैंड की टीम को बड़ा झटका, चोट के चलते टेस्ट और टी20 सीरीज से बाहर हुआ यह खिलाड़ी

**सिडनी, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका से जारी टेस्ट सीरीज के बीच न्यूजीलैंड की टीम को बड़ा झटका लगा है। पैर में चोट के चलते डेरिल मिशेल दूसरे टेस्ट और टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। मिशेल पिछले छह सात महीने से चोट की चोट की समस्या से जूझ रहे है। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 53.46 की औसत से रन बनाये है। चोट के कारण उन्हें जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अंतिम टी–20 मैच से आराम दिया गया था। लेकिन अब टीम के चयनकर्ताओं ने मिशेल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए सर्वश्रेष्ठ देने और पूरी तरह फीट होने के लिए लंबे समय तक टीम से बाहर रखने का फैसला किया है।




न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, "हमने पहले उन्हें थोड़ा आराम देने का फैसला लिया, लेकिन इस पर चिकित्सकीय सलाह लेने के बाद यह संभावना है कि उन्हें लंबे समय तक आराम की जरूरत है।" उन्होंने कहा, "यह वास्तव में कठिन है, क्योंकि अगले सप्ताह में बहुत अधिक ब्रेक नहीं आने वाले हैं, जबकि ऐसा सोचा गया था कि इससे हमें प्रयास करने और उसे फिर से सवीत्तम का मौका देने के लिए करीब तीन सप्ताह का समय मिलता है।" उन्होंने कहा," इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि यह उस अवधि में भी प्रयाप्त होगी, लेकिन हमें पूरी उम्मीद है कि इससे उनके हमारे साथ लंबे समय तक रहने की संभावना में सुधार होगा।"

ऐसा माना जा रहा है कि मिशेल के स्थान पर विल यंग को टीम में अतिरिक्त बल्लेबाज के रूप में शामिल किया जा सकता हैं। हालाँकि, इस बात की संभावना बनी हुई है कि ग्लेन फिलिप्स और मिशेल सैंटनर के क्रम में आगे बढ़ने से टीम को फिर से संतुलित किया जा सकता है। स्टीड ने कहा, " (विल यंग) निश्चित रूप से विकल्पों में से एक है।"

उन्होंने कहा, "विल बैक अप के रूप में है और ग्लेन फिलिप्स ने दिखाया है कि वह उपयोगी से अधिक है और इसे अलग तरीके से आकार दिया जा सकता है। हमारे पास जो टीम है उससे हम बहुत खुश हैं। डेरिल की स्पष्ट रूप से एक बड़ी क्षति है, हालांकि, उन्होंने कई उत्कृष्ट प्रदर्शनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बल्लेबाजी प्रदर्शन लेकिन यह उनके और हमारे लिए महत्वपूर्ण है कि हम इसे लंबे समय तक सही रखें।" उन्होंने कहा, "अगर हम उसे चुनना चाहते हैं तो ट्रेंट उपलब्ध है।" उन्होंने कहा, "वह और मैं अभी भी बातचीत कर रहे हैं।उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में यह पता चल जाएगा कि यह कैसा दिखता है।"

## एशिया कप फाइनल में जॉर्डन से भिड़ेगा क़तर

**दोहा,एजेंसी।** अकरम अफीफ और अलमोएज अली की शानदार जोड़ी ने एएफसी एशियाई कप सेमीफाइनल में गत चैंपियन कतर को ईरान को 3–2 से हरा दिया।

अली के दिवंगत विजेता ने 2019 एशियाई कप विजेता को फाइनल में पहुंचा दिया, जहां शनिवार को लुसैल स्टेडियम में उसका सामना जॉर्डन से होगा।

कतर के मुख्य कोच मार्केज़ लोपेज ने कहा, हमारे पास अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए एक अंतिम चरण बचा है।

रिपोर्ट के अनुसार, मैच के चार मिनट बाद ही ईरान ने गतिरोध तोड़ दिया, जब कतर के डिफेंडरों के दाहिनी ओर से लंबे थ्रो–इन को विफल करने के बाद सरदार आजमौन ने एक शानदार ओवरहेड किक मारी।

हालाँकि, मेजबान टीम को बराबरी के लिए ज्यादा देर तक इंतजार नहीं करना पड़ा। 17वें मिनट में, अफीफ के बैकपास के बाद बॉक्स के बाहर से जस्सेम गेबर का शॉट ईरान के गोलकीपर अलीरेज़ा बेरानवांड के ऊपर से टकरा गया।

अफीफ ने अपना प्रभावी प्रदर्शन जारी रखा और 43वें मिनट में एक सनसनीखेज एकल गोल करके कतर को 2–1 से आगे कर दिया, क्योंकि उसने बाईं ओर से पेनल्टी क्षेत्र में प्रवेश किया और नेट के पीछे दाएं पैर से जोरदार शॉट लगाया।

# मेरिजान ने जिताया साउथ अफ्रीका को; ऑस्ट्रेलिया को पहली बार हराया, दूसरे ओडीआई में 84 रन से दी मात

**सिडनी, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका की विमेंस टीम ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया को वनडे में हराया। मेरिजान कैप के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत साउथ अफ्रीका ने तीन वनडे सीरीज के दूसरे ओडीआई में 84 रन से जीत हासिल की। सिडनी के मैदान पर बुधवार को ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। साउथ अफ्रिका ने 45 ओवर में साउथ अफ्रीका ने 45 ओवर में 6 विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया 29.3 ओवर में 149 रन पर सिमट गया। बारिश के कारण मैच 45 ओवर का हुआ। साउथ अफ्रीका की ओपनर मैरिजान कैप ने अर्द्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने टीम की ओर से सबसे ज्यादा 75 रन बनाए। पारी की शुरुआत लौरा वुल्वार्ड ने और तज्मिन



ब्रिट्स ने की। वुल्वार्ड 0 रन बना कर आउट हुई।

वहीं, ब्रिट्स ने 21 रन बनाए। लौरा वुल्वार्ड के आउट होने के बाद एनेके बॉश क्रीज पर आई। उन्होंने ब्रिट्स के साथ 73 बॉल में 55 रन की साझेदारी की। बॉश 44 रन बना कर आउट हुई। मैरिजान कैप पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आई और एक छोर से टिकी रहीं। उन्होंने 75 रन की पारी खएली। उनके अलावा दूसरे छोर पर सुन लस 19 रन और नेदिन डी क्लार्क 14 रन बना कर आउट हुई। वहीं, क्लो ट्रायन 37 रन और एलिज मार्क्स 2 रन बना कर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेगन शट और एश्ले गार्डरन को 2–2 विकेट मिले। वहीं, किम गार्थ और एनाबेल सदरलैंड को 1–1 सफलता मिली।

बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन करने के बाद मेरिजान कैप ने बॉलिंग में भी कमाल दिखाया। कैप ने 3 विकेट लिए। अयांडा लुबी, एलिस–मरिमैक्स और नादिन डी क्लार्क को 2–2 विकेट मिले। वहीं, क्लोई ट्रायन को 1 सफलता मिली।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान एलिस पैरी और फीब लिचफील्ड ने शुरुआत की। हीली 4 रन और लिचफिल्ड 14 रन बना कर आउट हुई। बेथ मूनी 0 रन, एलिस पैरी 2 रन, जॉर्जिया वेयरहम 0 रन और एनाबेल सदरलैंड 1 रन ही बना सकी। ताहिलिया मैक्ग्रा ने 22 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलिया के बॉलर्स ने बल्लेबाजी में साउथ अफ्रीका को फाइट दी। एश्ले गार्डरन और किम गार्थ ने साथ 77 रन की साझेदारी की। गार्डनर 32 रन बना कर आउट हुई।

# विक्रमादित्य मोटवानी की कंट्रोल पाकर चौंक गई थीं अनन्या पांडे

अनन्या पांडे फिल्म खो गए हम कहां की सफलता के बाद से ही चर्चा में हैं। सोशल मीडिया की उलझनों को दर्शाती इस फिल्म में अनन्या की उम्दा अदाकारी देखने को मिली थी।अब अनन्या अपनी अगली साइबर थ्रिलर फिल्म की तैयारी में जुट गई हैं, जिसे फिलहाल कंट्रोल नाम दिया गया है।फिल्म के बारे में बात करते हुए अनन्या ने बताया कि जब निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी ने उन्हें इस फिल्म की पेशकश की तो उन्हें धक्का लगा था।

अनन्या ने कहा, विक्रम सर के साथ काम करना मेरा सपना था। मैंने फिल्म उड़ान कई बार देखी है। जब वो मुझसे मिलना चाहते थे तो मैं हैरान थी। मेरी टीम ने जब मुझे बताया कि तो मैंने पूछा क्या वह मेरे साथ काम करना चाहते हैं? मैं उनसे मिली तो मैंने उनसे पूछ लिया कि क्या वही इसका निर्देशन करेंगे? ।दरअसल, अनन्या विश्वास नहीं कर पा रही थीं कि वह मोटवानी की फिल्म का हिस्सा हैं।

अनन्या कहती हैं कि उनमें आत्मविश्वास की कमी है और इसलिए उन्हें दूसरे व्यक्ति की जरूरत पड़ती है।उन्होंने कहा, जब मैं सेट पर होती हूं तो मुझे निर्देशकों से 10 बार पूछना पड़ता है कि क्या मेरा शॉट ठीक था। क्या मुझे एक और शॉट करना चाहिए? जब कोई मेरे काम की प्रशंसा करता है या तो



मेरी पहली प्रतिक्रिया होती है, क्या सच में, आपको यकीन है?अनन्या अपनी इस आदत को सुधारने की कोशिश कर रही हैं।

कंट्रोल मोटवानी और निखिल द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से निर्माता हैं। इसकी कहानी एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के इर्द–गिर्द बुनी गई है, जिसमें थ्रिलर का तडक़ा होगा।इस फिल्म में अनन्या से साथ अभिनेता विहान सामत नजर आएंगे, जो वेब सीरीज मिसमैच्ड से लोकप्रिय हुए हैं, वहीं अब वह कॉल मी बे में भी नजर आने वाले हैं।इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और ऐसे में इसके इस साल रिलीज होने की उम्मीद है।

अनन्या अब द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर का भी हिस्सा हैं, जिसे करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जा रहा है। इस बायोपिक में अक्षय कुमार वकील की मुख्य भूमिका में होंगे और अनन्या उनकी जूनियर का किरदार निभाएंगी।इसके अलावा वह अब ओटीटी की दुनिया में भी अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। अभिनेत्री वेब सीरीज कॉल मी बे के जरिए ओटीटी पर कदम रखेंगी, जो जल्द ही दर्शकों के बीच दस्तक देगी।

मोटवानी ने काफी समय तक संजय लीला भंसाली के साथ बतौर सहायक काम किया था। 2010 में उन्होंने फिल्म उड़ान से निर्देशन क्षेत्र में कदम रखा। उन्होंने लुटेरा, ट्रैप्ड, भावेश जोशी सुपरहीरो, सेक्रेड गेम्स, एके वर्सेस एके और जुबली जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है।

## कृति सेनॉन ने शॉर्ट ड्रेस में फ्लॉन्ट किए टोन्ड लेग्स, किलर पोज ने जीत लिया दिल

एक्ट्रेस कृति सेनॉन अपनी अपकमिंग फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर काफी चर्चा में है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की रिलीज से पहले कृति सेनॉन स्पॉट हुई हैं। कृति सेनॉन का नया लुक सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इन नई तस्वीरों में कृति सेनॉन अपने नए लुक में दिखाई दीं। कृति सेनॉन इस दौरान शॉर्ट ड्रेस में दिखाई दीं। कृति सेनॉन की शॉर्ट ड्रेस को देखने के बाद लोग देखते ही रह गए। तो चलिए देखते हैं कृति सेनॉन का नया लुक जो सोशल मीडिया पर गदर काट रहा है। कृति सेनॉन की अभी हाल ही में जो तस्वीरें सामने आई हैं। उन फोटोज में कृति सेनॉन शॉर्ट ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। कृति सेनॉन की ये शॉर्ट ड्रेस एकदम अलग ही डिजाइन की थी।

# फाइटर का नया गाना बेकरार दिल जारी, ऋतिक–दीपिका का दिखा रोमांटिक अंदाज

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। ये फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हुई थी। इन 12 दिनों में फाइटर ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की है।

ऋतिक रोशन और दीपिका की जोड़ी की जमकर तारीफ हो रही है। फिल्म की कहानी के साथ–साथ मूवी के गानों को भी काफी पसंद किया जा रहा है।

अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज के दो हफ्ते बाद फिल्म से वैलेंटाइन स्पेशल सॉन्ग बेकरार दिल रिलीज किया है। जो आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है।

गाने की हर धुन में बेहद प्यार और रोमांस झलक रहा है. ये गाना एक इमोशनल धुन है जो वास्तव में दिलों को छू जा रहा है. ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की शानदार फ्रेश केमिस्ट्री वास्तव में स्क्रीन पर देखने लायक है. इस वैलेंटाइन डे पर ये गाना सच में किसी ट्रीट से कम नहीं है.

इस गाने को विशाल मिश्रा, शिल्पा राव, विशाल ददलानी और शेखर रवजियानी ने मिलकर गाया है। तो वहीं गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं। बेकरार दिल में ऋतिक और दीपिका जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं।

इस का नया गाना रिलीज करने से पहले फिल्म को लेकर एक बवाल मचता नजर आया।

खबर है कि फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण के बीच किसिंग सीन दिखाया गया है, जिसको लेकर अब भारतीय वायु सेना के एक विंग कमांडर ने आपत्ति जताई और मेकर्स को लीगल नोटिस भेज दिया है, जिसमें कहा गया है कि इस तरह से यूनिफॉर्म में किस करना सेना की वर्दी का अपमान है। ये वर्दी कोई कपड़े का टुकड़ा नहीं है, बल्कि ये अनुशासन, समर्पण और देश की रक्षा के लिए त्याग का प्रतीक है।

फाइटर 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इन 13 दिनों में फिल्म ने इंडिया में इस 181.75 करोड़ की कमाई की है और वर्ल्डवाइड 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है।

# वनों में आग लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज के साथ होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

**चमोली :** वनाग्नि घटनाओं की रोकथाम एवं उसके प्रबंधन और कार्य योजना को लेकर बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाग्नि सुरक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। जिसमें वन विभाग के अधिकारियों को वनाग्नि की रोकथाम हेतु पूरी तैयारी रखने, पर्यावरण एवं जंगलों के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने और सबकी सहभागिता से वनाग्नि घटनाओं की रोकथाम हेतु कार्य करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ब्लाक स्तर, ग्राम पंचायत एवं वन पंचायत स्तर पर शीघ्र बैठक आयोजित कर वनाग्नि सुरक्षा समितियों को सक्रिय करें। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील वन क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण देने के साथ ही फायर फाइटिंग किट दी जाए। एनआरएलएम महिला समूहों से कर्न्वेजेंस करते हुए वन क्षेत्रों में पिरूल एकत्रित कर उपयोग में लाया जाए। विगत वर्षों की गतिविधियों और उसके प्रभाव के आधार फायर सीजन के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार की जाए। वनाग्नि की



फायर कन्ट्रोल में सहयोग करने वालों को किया जाएगा सम्मानित

रोकथाम में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाए। समिति की बैठक में वनाग्नि की रोकथाम के लिए वन पंचायत सरपंचों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के सुझाव भी लिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि नए वन अधिनियम के अंतर्गत वनाग्नि की रोकथाम हेतु वन क्षेत्रों फायर कंट्रोल लाइन बनाई जा सकती है। उन्होंने अति संवेदनशील वन क्षेत्रों में फायर लाइन बनाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए। वनों में आग लगाने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। ग्रामीण स्तर पर युवाओं, महिलाओं, स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण देकर वनाग्नि के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें। जिलाधिकारी ने फायर सीजन के दौरान सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश भी दिए। वन क्षेत्राधिकारियों को सभी अधिकारियों, वन पंचायत सरपंचों एवं ग्राम प्रहरी के फोन नंबर अपडेट रखने व निर्धारित प्रारूप में समय से वनाग्नि दुर्घटनाओं की जानकारी प्रसारित कराने को कहा, ताकि आग लगने पर बुझाने की त्वरित कार्यवाही की जा सके। बैठक में डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे ने बताया कि चमोली जिले में 506094.473 है0 वन क्षेत्र है। इसमें से 161547.25 है0 वन क्षेत्र संवेदनशील और 39736.62 है0 अति संवेदनशील है। पिछले वर्ष जिले में वनाग्नि की मात्र 49 घटनाएं हुई थी जिसमें 52.12 है0 वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। उन्होंने बताया कि फायर सीजन में सरफेस फायर, ग्राउंड फायर तथा क्राउन फायर से वनो को अत्यधिक नुकसान होता है।

जिले में अधिक वन क्षेत्र, वनों का दुर्गम क्षेत्रों में स्थित होने एवं मानव संसाधनों के अभाव के कारण वनाग्नि की रोकथाम में व्यावहारिक कठिनाई रहती है। वनाग्नि की रोकथाम के लिए 106 क्रू स्टेशन स्थापित किए गए है। जिसमें फायर वाचरों की तैनाती कर दी गई है। इस दौरान उन्होंने वन विभाग में उपलब्ध संसाधनों एवं उपकरणों की जानकारी दी और वनाग्नि के प्रति जन जागरूकता एवं अग्निशमन में सहयोग करने की अपील की। बैठक में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, डीएफओ वीबी मर्तोलिया, एसडीओ जुगल किशोर, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी सहित समस्त वन क्षेत्राधिकारी, समिति के सदस्य ओम प्रकाश भट्ट, महानंद बिष्ट आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## यूसीसी बिल विधेयक के पास होने पर मनाई खुशी

**चमोली** : उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता बिल पारित होने पर चमोली जिले में लगातार दूसरे दिन भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए सरकार के पक्ष में नारे बाजी कर बिल स्वागत प्रदर्शन किया। गुरुवार को गोपेश्वर में मुख्य स्टेशन पर एकत्र होकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने समान नागरिक संहिता बिल उत्तराखंड विधानसभा सदन में पारित होने की खुशी जश्न मनाया। आतिश बाजी कर मिठाई बांटी । भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की नेतृत्व सरकार का यह ऐतिहासिक निर्णय है। कहा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ता आम जन तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचायेंगे। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रघुवीर बिष्ट, पूर्व पालिकाध्यक्ष पुष्पा पासवान, नगर मंडल अध्यक्ष महेंद्र राणा, नगर महामंत्री उमेश भट्ट, युवा मोर्चा अध्यक्ष भूपेश्वर, प्रदीप रावत समेत भाजपा के अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित थे। (एजेंसी)

## अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

**चमोली** : पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देशन में अग्निशमन ईकाई ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे प्रोजेक्ट के अन्तर्गत निर्माणाधीन कालेश्वर साइड तथा भट्टनगर-गौचर-कर्णप्रयाग साइड की अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाओं का अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण निरीक्षण किया गया। अग्नि शमन अधिकारी प्रदीप त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के चीफ सेफ्टी मैनेजर ओम प्रकाश उनियाल के साथ प्रोजेक्ट में स्थापित अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया। रेलवे प्रोजेक्ट स्टाफ को अग्निशमन उपकरणों के संचालन की विधि बारे में जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट की फायर सेफ्टी टीम को निर्देशित किया गया कि वे प्रोजेक्ट में स्थापित अग्निशमन उपकरणों को समय-समय पर चेक करते रहें। ताकि प्राथमिक स्तर पर किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपरिहार्य घटना को घटने से रोका जा सके। (एजेंसी)

## भू धंसाव प्रभावितों ने बताई समस्या

**चमोली** : कर्णप्रयाग नगर पालिका के बहुगुणा नगर और सुभाष नगर के आपदा प्रभावित लोगों ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी कर्णप्रयाग संतोष कुमार पाण्डेय से मुलाकात की। आपदा पीड़ित पुष्कर रावत ने कहा कि बीते तीन सालों से बहुगुणा नगर और सुभाष नगर में जमीन धंस जाने से भवनों में दरारें आ चुकी हैं। भवनों की छतों से पानी टपक रहा है, जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मगर सरकार आपदा पीड़ितों की कोई सुनवाई नहीं कर रही है। भू धंसाव प्रभावित आगामी 15 फरवरी को गौचर में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के दौरान मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी परेशानी बताएंगे। इस आशय का ज्ञापन प्रभावितों ने उपजिलाधिकारी को दिया। इस दौरान सरला खण्डूडी, असीम खान, मो. नफीस, बिनीता सती, अखिलेश सती, राकेश रावत, हरिराम, प्रदीप कुमार, गंगोत्री देवी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## गोपेश्वर कॉलेज के छात्रों ने यूसेट में लहराया परचम

**चमोली** : गत माह संपन्न हुई नेट परीक्षा के बाद गोपेश्वर महाविद्यालय के छात्रों ने कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यूसेट परीक्षा में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। महाविद्यालय के मीडिया कोऑर्डिनेटर डीएस नेगी ने बताया कि राजनीति विज्ञान विषय में अजय सिंह, महेंद्र सिंह, पूजा नेगी, पूजा बिष्ट, पूजा मिश्रा ने उत्तराखंड सेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। जबकि हिंदी विषय में सनूप कुमार, प्रदीप कुमार, किरन, भूगोल विषय में दिगंबर खनेड़ा, जंतु विज्ञान में दिव्या नेगी, वनस्पति विज्ञान में शैलजा ने यूसेट उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। प्राचार्य प्रो. कुलदीप सिंह नेगी ने समस्त चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठित परीक्षा में ग्रामीण पृष्ठभूमि के अभ्यर्थियों का चयन अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेगा। इस अवसर पर डॉ. जेएस नेगी, डॉ. मनीष मिश्रा, डॉ. राजविलोचन, डॉ. भावना मेहरा, डॉ. संध्या, डॉ. दिगपाल कंडारी, डॉ. पीएल शाह, डॉ. हर्षी खंडूरी, डॉ. बीसीएस नेगी, डॉ. प्रियंका उनियाल, डॉ. पूनम टाकुली, डॉ. रूपेश कुमार, डॉ. एसपी उनियाल, डॉ. मनीष कुकरेती, डॉ. सुनील भंडारी आदि ने खुशी जताई। (एजेंसी)

## एसपी ने किया ऊखीमठ थाने का निरीक्षण

**रुद्रप्रयाग** : पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने थाना ऊखीमठ का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान रिकॉर्ड्स एवं रजिस्टरों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाने पर लगे सीसीटीवी कैमरों व उसके बैकअप को लेकर सीसीटीवी का रख-रखाव किए जाने के निर्देश दिए। गुरुवार को एसपी ने थाना परिसर, थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, भोजनालय एवं थाने की बैरकों का निरीक्षण किया गया। थाने को आवंटित सरकारी सम्पत्ति का निरीक्षण कर पुलिस लाइन जीपी लिस्ट के अनुरूप प्राप्ति तिथि का अंकन किये जाने के निर्देश दिए। खराब हो चुकी सामग्री की सूची तैयार कर पुलिस लाइन भिजवाए जाने व इनके स्थान पर नई सामग्री प्राप्त करने के निर्देश दिए।

## सड़क के लिए ग्रामीणों ने अनशनस्थल पर की नारेबाजी

**चमोली :** सड़क निर्माण सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर गैरसैंण एवं थराली की सीमा विनायक धार जंगल में लोगों का अनशन जारी है।

कुंवर सिंह नेगी का आमरण अनशन चौथे दिन, चंद्रा दत्त का दूसरे दिन तथा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अवतार सिंह कोटवाल उर्फ पुजारी ने भी गुरुवार से अपने समर्थकों के साथ आमरण अनशन प्रारंभ कर दिया है। अनशन स्थल पर ग्रामीणों ने सरकार के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन भी किया।

खंसर खीड़ा बधाण मित्र मंडली के अध्यक्ष शयन सिंह नेगी ने बताया कि वे विगत दो वर्षों से विनायकधार से इस सड़क निर्माण कश्वी नगर तक मिलने के लिए लगातार आंदोलनरत रहे हैं। पूर्व क्षेपंस एवं राज्य आंदोलनकारी एवं आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हरेन्द्र कड़ारी का कहना है कि शासन-प्रशासन के बेरूखी के कारण 50 वर्षों बाद भी सड़क आज मात्र 5 किमी. थराली प्रखंड के कश्वीनगर नहीं मिल पायी है। कहा कि जब तक सड़क के संबंध में उन्हें प्रशासन से सकारात्मक आश्वासन नहीं मिल जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर पूर्व क्षेपंस कुंवर सिंह नेगी, भवान सिंह रावत, पूर्व प्रधान चंद्र सिंह नेगी, जय सिंह, मुन्नी देवी, बलवंत सिंह, लक्ष्मण सिंह, पुष्कर सिंह आदि कई आंदोलनकारी मौजूद थे। (एजेंसी)

## भाजपाइयों ने निकाली आभार रैली

**उत्तरकाशी** : उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पास होने के बाद जनपद के भाजपाईयों में खुशी की लहर है। गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र राणा की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय उत्तरकाशी के पेट्रोल पंप से हनुमान चौक तक सैकड़ों भाजपाइयों ने आभार रैली निकाल कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी



धन्यवाद ज्ञापित किया तथा एक-दूसरे को मिठाइयां बांटी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र राणा ने अमृतकाल के महानायक और नए भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार व्यक्त करते हुए नागरिक विकास में इस कानून की भूमिका को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो भी घोषणा पत्र में जनता से वादा किया वह सभी पूरे कर रही है। चाहे वह धारा 370, 35 ए, राम मंदिर हो या उत्तराखंड में नक़ल विरोधी कानून। उत्तराखंड ने जिस प्रकार से नक़ल कानून बना कर देश के सामने रॉल मोडल पेश किया उसी प्रकार यूसीसी पारित करा कर देश का पहला राज्य बना। रैली निकालने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता जयवीर चौहान, जिला उपाध्यक्ष हरीश डंगवाल, जिला महामंत्री नागेन्द्र चौहान, भूपेंद्र सिंह चौहान, विजय सिंह संतरी, सुधा गुप्ता, लोकेन्द्र सिंह बिष्ट, राजेन्द्र सिंह गंगाड़ी, प्रताप सिंह रावत, सूरत गुसाईं, राजीव बहुगुणा, गोविंद गुसाईं, विक्रम सिंह पंवार, यशपाल बिष्ट, बालशेखर, सरिता पडियार, गौतम रावत आदि थे। (एजेंसी)

## परंपरागत खेती से आधुनिकता की ओर बढ़ना होगा : जुयाल

**नई टिहरी** : निदेशक राष्ट्रीय बागवनी बोर्ड (एनएचबी) वीरेंद्र जुयाल ने कहा कि, पहाड़ों में फल उत्पादकों को नई तकनीक अपनाकर बागवानी का विकास करना होगा। जबकि परंपरागत खेती से आधुनिकता की ओर बढ़ना होगा। निदेश-ाक जुयाल उत्तरकाशी, चमोली, पौड़ी जिले के दौरे के बाद देवप्रयाग पहुंचे थे। देवप्रयाग में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि, दौरे में उनके द्वारा बागवानी से जुड़े काश्तकारो को नई तकनीक, प्रबंधन आदि से परिचित करवाया गया। साथ ही उन्हें आने वाली समस्याओं का संज्ञान लेते सुझाव भी लिए गए। निदेशक जुयाल के मुताबिक पहाड़ों में जंगली जानवरों द्वारा खेती को नुकसान पहुंचाने से काश्तकार काफी हतोत्साहित हैं। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार से वार्ता की जायेगी। वहीं उद्यानों को कई तरह के रोगों से बचाने के लिए वैज्ञानिको की सहायता भी ली जायेगी। उन्होंने कहा कि, काश्तकारों को आत्मनिर्भर बनाकर हरित उत्तराखण्ड के स्वप्न को साकार करना सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए काश्त कारों को समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में बागवानी विश्व विद्यालय खोले जाने व काश्तकारों को नई तकनीको की जानकारी के लिए विदेश भेजे जाने पर प्रस्ताव किसान संगोष्ठियों में मिले हैं जिन पर विचार किया जायेगा। फल उत्पादक आलोक तैलंग ने क्षेत्र में बढ़ती नमी को माल्टा, नीबू, मौसमी आदि की खेती के लिए अनुकूल बताते हुए इसकी खेती को बढ़ावा देने का अनुरोध राष्ट्रीय निदेशक से किया। इस मौके पर आदित्यनारायण, केदारनाथ कोटियाल, रोहित मिश्रा, गुरु प्रसाद कोठारी, गिरीश कोटियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पुलिस अधीक्षक ने किया भराड़ीसैंण क्षेत्र का भ्रमण

**चमोली :** विधानसभा भराड़ीसैंण में सम्भावित विधानसभा बजट सत्र की तैयारियों को पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने पुलिस अधिकारियों के साथ हेलीपैड, विधानसभा भवन का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भराड़ीसैंण विधानसभा में सम्भावित बजट सत्र के लिए पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने मूलभूत आवश्यकताओं, पुलिस कर्मियों हेतु भोजनालय, आवासीय बैरिक, बिजली, पानी, शौचालयों आदि का निरीक्षण कर तैयारियों को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नियमित पुलिस के अतिरिक्त बाहर से आने वाले पुलिस बल की आवासीय व्यवस्था हेतु बैरिकों के अतिरिक्त वैकल्पिक व्यवस्था के लिए एसपी ने आवश्यक फीड लिया। सुरक्षा की दृष्टि से बैरियर लगाए जाने वाले सम्भावित स्थानों का चिह्नीकरण करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक ने दिये। पुलिस बल की नियुक्ति हेतु अतिसंवेदनशील एवं संवेदशील ड्यूटी प्वाइंट्स चिह्नित करने के आदेश देते हुए सम्भावित सत्र के दौरान स्थापित की जाने वाली अस्थाई जेलों हेतु स्थान चिह्नित कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने हेतु दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग अमित सैनी, प्रतिसार निरीक्षक चमोली आनन्द सिंह रावत, थानाध्यक्ष गैरसैंण ध्वजवीर पंवार, दिगम्बर उनियाल सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे। (एजेंसी)

## मतदेय स्थलों के नाम परिवर्तन एवं संशोधन से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा की

**चमोली** : मतदेय स्थलों के नाम परिवर्तन एवं संशोधन से संबंधित प्रस्तावों पर विचार विमर्श को लेकर बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें मतदेय स्थलों के नाम परिवर्तन हेतु तहसीलों से प्राप्त सभी 06 प्रस्तावों पर राजनीतिक दलों ने अपनी सहमति दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में समस्त मतदेय स्थलों को एक बार पुनः अच्छी तरह से भौतिक सत्यापन कर लें। अभी भी यदि किसी मतदेय स्थल का भवन जीर्ण-शीर्ण या क्षतिग्रस्त होने, विद्यालय के उच्चीकरण होने और मतदेय स्थल भवन के नाम में परिवर्तन एवं संशोधन से संबंधित कोई प्रस्ताव बाकी है, तो आज ही इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करें। ताकि मतदान की व्यवस्थाओं को लेकर कोई समस्या ना रहे।



उप जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने बैठक में बताया कि तहसील थराली से चार मतदेय स्थलों के संशोधन एवं नाम परिवर्तन संबधी प्रस्ताव मिले है। जिसमें मतदेय स्थल-69 राजकीय जूनियर हाईस्कूल रैगांव का नाम विद्यालय भवन व दस्तावेजों में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रैगांव अंकित होने के कारण मतदेय स्थल संख्या-69 का नाम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रैगांव किए जाने, मतदेय स्थल संख्या-72 राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिमली का नाम राजकीय प्राथमिक विद्यालय असेड़ सिमली करने, मतदेय स्थल संख्या-102 रा.उ.मा.वि. पैठाणी का भवन पूर्ण क्षतिग्रस्त होने के कारण मतदेय स्थल रा.प्रा.वि. पैठाणी में परिवर्तन करने, मतदेय स्थल संख्या-138 रा.उ.मा.वि. कस्वीनगर का भवन जीर्ण-शीर्ण एवं भवन में दरारें पड़ने के कारण रा.क.जू.हा. कस्वीनगर को मतदेय स्थल बनाने का प्रस्ताव शामिल है। वही तहसील कर्णप्रयाग के अंतर्गत मतदेय स्थल संख्या-39 रा.क.हा. स्कूल नौटी का नाम राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नौटी करने और मतदेय स्थल संख्या-69 राइका थिरपाक का नाम शहीद सैनिक अजय लाल राजकीय इंटर कॉलेज थिरपाक किया जाना प्रस्तावित है। जिस पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने अपनी सहमति दी।

बैठक में आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रभारी अनूप सिंह रावत, कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, बीजेपी के नगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बजवाल, जिला अध्यक्ष देवेंद्र लाल, सीपीआई के जिला कमेटी सदस्य ज्ञानेंद्र सिंह खंतवाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी सती आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

## छात्रवृति परीक्षा में पालवी रही पहले स्थान पर

**नई टिहरी** : प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित की गयी राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना के तहत टिहरी जिले में भिलंगना ब्लॉक के सबसे अधिक छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की, तो वहीं प्रदेश स्तर पर जूनियर हाईस्कूल केमारियासोड़ की छात्रा पालवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रवृत्ति परीक्षा में ब्लॉक का प्रथम स्थान आने पर खंड शिक्षा अधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों ने खुशी व्यक्त की। उत्तराखंड प्रदेश में आयोजित की गई राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले में भिलंगना ब्लॉक के सबसे अधिक छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। बीती 8 दिसम्बर 2023 को आयोजित इस छात्रवृत्ति परीक्षा में पूरे ब्लॉक के आठवीं कक्षा के 574 छात्रों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया जिसके लिये ब्लॉक स्तर पर तीन परीक्षा केंद्र बनाये गये। प्रश्नपत्र में 200 प्रश्न पूछे गये थे। खंड शिक्षा अधिकारी सुमेर सिंह कैंतुरा ने बताया कि कक्षा आठवीं की छात्रा पालवी ने 166 अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। जबकि 35 छात्रों ने राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण और 7 छात्रों ने डॉ. शिवानंद नौटियाल एवं राज्य योग्यता छात्रवृत्ति उतीर्ण की। बताया कि इसी के साथ 5 बच्चों ने श्री देव सुमन छात्रवृत्ति परीक्षा पास की। सरकार द्वारा इन बच्चों को 12 वीं कक्षा तक सरकार प्रतिमाह 1500 सौ रुपये की छात्रवृत्ति बच्चों को देगी। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि जिले के साथ–साथ प्रदेश में भी भिलंगना ब्लॉक के बच्चों ने पहला स्थान प्राप्त किया। घनसाली विधायक शक्ति लाल शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रवीर ने कहा कि यह खुशी की बात है पहाड़ के बच्चे इन परीक्षाओं में सफल होकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने सभी बच्चों को बधाई दी। (एजेंसी)

## बाल वैज्ञानिकों ने वैज्ञानिक सोच का किया प्रदर्शन

**नई टिहरी** : नरेंद्रनगर में दो दिवसीय 11वीं राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हो गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने अपने मॉडल प्रस्तुत कर वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया।



गुरुवार को सामुदायिक भवन नरेंद्रनगर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि वन मंत्री सुबोध उनियाल व विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए बाल वैज्ञानिकों से उनके विषय अनुसार सवाल किए। एनआईएफ इंडिया के डॉ. नवनीत कुमार ने बताया कि, इंस्पायर अवार्ड मानक के तहत 122 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा इन्नोवेटिव प्रदर्शनी-मॉडल लाए गए हैं, जिसमें 10 प्रतिशत मॉडलों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए बाल वैज्ञानिकों ने इन्नोवेटिव मॉडलों के तहत पर्यावरण अनुकूल जोक निवारक स्मार्ट जूते, निष्प्रयोग्य बेकार पड़ी प्लास्टिक बोतल से राशियों का निर्माण, चालक नींद नियंत्रक यंत्र, लोकेशन ट्रैकर शूज, इलेक्ट्रिक फास्ट फूड स्टॉल जैसे विषय पर अपनी प्रदर्शनी-मॉडल पर प्रस्तुत किए। इस मौके पर मुख्य शिक्षा अधिकारी शिव प्रसाद सेमवाल, एसके तिवारी, आलोक गौतम, एससीईआरटी के अपर निदेशक अजय नोडियाल, निदेशक अकादामिक शोध एवं प्रशिक्षण वंदना गर्ब्याल, राज्य समन्वयक अवनीश उनियाल, संयुक्त निर्देशक आशा पैन्यूली, पंकज डयूंडी, अलख नारायण दुबे, अनिल लिंगवाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## यूसीसी को लेकर छात्र-छात्राओं को दी जानकारी

**नई टिहरी** : राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में 'समान नागरिक संहिता पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को यूसीसी को लेकर जानकारी दी। गुरुवार को महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित संगोष्ठी की शुभारंभ प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता अर्थात यूनिफॉर्म सिविल कोड सामाजिक मामलों से संबंधित कानून होता है, जो सभी पंथ के लोगों के लिए विवाह, तलाक, भरण पोषण, विरासत व बच्चा गोद लेने आदि में समान रूप से लागू होता है। इसमें अलग-अलग पंथ के लिए अलग-अलग सिविल कानून न होकर एक समान नागरिक संहिता का पालन किया जाता है। राजनीति विज्ञान प्राध्यापक डॉ. अर्चना धपवाल ने बताया कि भारतीय संविधान के भाग 4 अनुच्छेद 44 में स्पष्ट उल्लेख है कि, भारत राष्ट्र सम्पूर्ण क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता में सुरक्षित करने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि, यूसीसी के द्वारा एक देश में एक जैसा कानून होने पर एकता का संदेश प्रसारित होगा, जिससे देश की एकता एवं अखण्डता बनी रहेगी। महिला सुरक्षा एवं महिलाओं के विकास हेतु यह कानून लाभदायक होगा। डॉ. सोनिया ने समान नागरिक संहिता के इतिहास, संवैधानिक उल्लेख, उद्देश्य व इसके विरोध के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। इसके तहत शादी, तलाक, सम्पत्ति व उत्तराधिकार के प्रावधानों बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी।

## टिहरी भाजपा जिला मुख्यालय में पूर्व मंत्री धनै का किया स्वागत

**नई टिहरी :** देहरादून में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व काबीना मंत्री दिनेश धनै भारी संख्या में समर्थकों के साथ गुरुवार को भाजपा के जिला कार्यालय नई टिहरी पहुंचे। जहां पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने पार्टी के अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। भाजपा की रीति-नीति पर चलकर जिले के विकास के लिए पूरे मन से काम करने का बात कही। गुरुवार को भाजपा जिला मुख्यालय पर गहमागहमी रही। भाजपा जिला कार्यालय पर दोहपर में पूर्व काबीना मंत्री भाजपा में



शामिल होने के बाद पहली बार पहुंचे। जहां पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। उनके समर्थकों का भी भाजपा कार्यालय में स्वागत किया गया। इस मौके पर दिनेश धनै ने कहा कि वे भाजपा में जिले के विकास की सोच लेकर आये हैं। भाजपा के साथ टिहरी के विकास में और मजबूती मिलेगी। कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा की भाजपा की रीती–नीति पर चलते सबको साथ लेकर सकारात्मक नजरिये से काम करेंगे। भाजपा की कसौटी पर पूरी तरसे खरा उतरने का काम करेंगे। भाजपा में जगह देने के लिए उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व सहित भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल व सभी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार जताया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने कहा कि दिनेश धनाई जमीन से जुड़े नेता हैं। भाजपा में आने से मजबूती मिलेगी। भाजपा हर स्तर पर अपने नेताओं को मजबूत करने का काम करेगी और विकास के लिए कदम से कदम मिलाने का काम करेगी। इस मौके पर टिहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली, जाखणीधार प्रमुख सुनीता देवी, चंबा प्रमुख शिवानी विष्ट, अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तौफीक अहमद, असगर अली, गोविंद विष्ट, बलबीर नेगी, देवेंद्र बेलवाल, दर्मियान कंडारी, आनंदी नेगी, संजय मैठाणी, संदीप रावत, सुशील बहुगुणा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## व्यापार संघ चुनावः अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए दो-दो ने की दावेदारी

जयन्त प्रतिनिधि।

**सतपुली** : व्यापार संघ चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। अध्यक्ष व महामंत्री पद पर दो-दो लोगों ने दावेदारी पेश की है। जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन कराया है। चुनाव 11 फरवरी को करवाए जाएंगे। व्यापार संघ के चुनाव के लिए अध्यक्ष पद पर जयदीप सिंह नेगी और थानेश्वर प्रसाद कुकरेती ने अपना नामांकन कराया। महामंत्री पद पर धीरेंद्र नेगी व जगदंबा प्रसाद डंगवाल ने नामांकन करवाया। कोषाध्यक्ष पद पर एकमात्र प्रत्याशी सुनील डंडारियाल ने अपना नामांकन कराया है। चुनाव समिति सदस्य चंद्रमोहन डोबरियाल, प्रेम सिंह नेगी ने बताया कि कुल 5 लोगों ने नामांकन कराया है।

## पुरानी पेंशन बहाली को संघर्ष करेगा मोर्चा

**पौड़ी** : राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा कर्मचारियों के हितों के लिए हमेशा ही संघर्ष करता रहा है। मोर्चा का मुख्य उद्देश्य पुरानी पेंशन बहाल करना है। इस एकमात्र मांग के लिए मोर्चा विभिन्न स्तरों से संघर्ष कर रहा है। संघर्ष को धार देने एवं पुरानी पेंशन बहाली इस मुहिम को और तेज करने के लिए मोर्चा द्वारा विभिन्न संघर्षशील साथियों को जिम्मेदारियां दी गई है। जिससे कि संगठन मजबूत हो सके।

प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने बताया कि विभिन्न विभागों के कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारीयों एवं कर्मठ साथियों को यह जिम्मेदारियां दी गई है। प्रदेश प्रभारी विक्रम सिंह रावत ने बताया कि पशुपालन विभाग से अभिषेक नवानी को प्रदेश संयुक्त सचिव, लोक निर्माण विभाग से केदार फर्सवान को जनपद मंत्री देहरादून, लोक निर्माण विभाग से ही अमित मंमगाई को वरिष्ठ उपाध्यक्ष देहरादून, शिक्षा विभाग से अखिलेश कंडवाल को प्रचार सह प्रभारी एवं शिक्षा विभाग से ही धूम सिंह को संयुक्त मंत्री देहरादून की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष जयदीप रावत ने कहा कि यह सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए मोर्चा को मजबूत करेंगे और पुरानी पेंशन बहाली की मांग को अंजाम तक पहुंचाएंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी मोर्चे को आश्वस्त किया है कि वह कर्मचारी हित में पुरानी पेंशन बहाली तक जी जान से संघर्ष करते रहेंगे।

## बोर्ड परीक्षार्थी 15 फरवरी तक कराएं आंतरिक मूल्यांकन

**कोटद्वार** : राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार पंजीकरण केंद्र से पंजीकृत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के सभी बोर्ड परीक्षार्थी आंतरिक मूल्यांकन हेतु तुरंत विद्यालय से संपर्क करें। आंतरिक मूल्यांकन की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने बताया कि इन दिनों विद्यालय में उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं तथा आंतरिक मूल्यांकन कार्य चल रहा है। संस्थागत एवं व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के लिए इस परीक्षा व मूल्यांकन कार्य में शामिल होना आवश्यक है। इस हेतु सभी संस्थागत एवं व्यक्तिगत परीक्षार्थी 15 फरवरी से पूर्व अवश्य विद्यालय में उपस्थिति हों।

## माँ भगवती जात का किया भव्य स्वागत

**पौड़ी** : आइडीपीएल ऋषिकेश से मां भगवती जात यात्रा का नायरघाटी के स्थानीय निवासियों व ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। गुरुवार को बांघाट बिलखेत, सतपुली, पाटीसैण होते हुए जात यात्रा ज्वाल्पा देवी मंदिर पहुंचीं।

इस अवसर पर ज्वाल्पा देवी मंदिर में हवन व विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। कुल्हाड के अमन नेगी ने यात्रा का नेतृत्व किया। कुल्हाड के पूर्व प्रधान देव किशोर नेगी ने बताया कि अमन नेगी हरिद्वार में हर रविवार को दिव्य दरबार लगाकर लोगों की मनोकामना पूरी करते हैं। जात यात्रा में ज्ञान सभा कुल्हाड के महिला पुरूष युवक युवतियां बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान कई महिलाओं पर देवी भी अवतरित हुई। इस अवसर पर कुल्हाड के पूर्व प्रधान देव किशोर नेगी, अनिल नेगी, लक्ष्मण सिंह, रविन्द्र भट्ट, पंकज चतुर्वेदी, महेश, विपुल आर्यन समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## मत्स्य पालन की दी जानकारी

**श्रीनगर गढ़वाल** : गढ़वाल विवि के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा संचालित फिश हैचरी में स्वरोजगार प्रशिक्षण कौशल विकास पाठ्यक्रम के अन्तर्गत योगा विभाग के छात्रों को मछली पालन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान छात्रों को मछली पालन की विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही गांव के गधेरे में मछली पालन करने की बारीकियां बताई गई। मौके पर कार्यक्रम समन्वयक प्रो. दीपक सिंह भण्डारी, सह-समन्वयक प्रो. राजेंद्र सिंह फर्त्याल, नमामि गंगा परियोजना के डॉ. जितेन्द्र सिंह राणा, संजय सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो. ओपी गुसाईं आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# चोरी का सामान बरामद, तीन बदमाश हुए गिरफ्तार

### पर्यटन सूचना केंद्र व आमसौड़ के समीप हुई थी चोरी ,शत प्रतिशत माल के साथ तीन बदमाश किए गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : छः फरवरी को कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य आमसौड़ के समीप से टावर निर्माण का सामान व पर्यटन सूचना केंद्र से सरकारी सामान पर हाथ साफ करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले के खुलासे के लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई थी। बदमाशों ने सामान चोरी कर उसे लकड़ीपड़व स्थित एक गोदाम में छिपाकर रखा था।

कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी विभाव सैनी ने पत्रकारों से वार्ता की। बताया कि मामले में छः फरवरी को मानवेंद्रनगर रेलवे रोड ऋषिकेश निवासी पीयूष वर्मा की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि वर्षा काल के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा टावर धराशायी हो गया था। वर्तमान में बिजली के कार्य के साथ ही टावर मरम्मत का कार्य चल रहा है। लेकिन, रात के अंधेरे में कुछ बदमाश उक्त स्थान पर रखे 15 सौ मीटर एल्मुनियम कंडटर, एक हजार मीटर एमएस वायर रोप (लोहे की रस्सी), एक एल्युमिनियम का टरफर, चार पुली,




कोटद्वार पुलिस की हिरासत में पकड़े गए चोरी के आरोपित

चार चाल, दो पुली डबल चाल व सैफ्टी हेल्मेट चोरी कर ले गए। वहीं, पांच जनवरी को पर्यटक अधिकारी की ओर से पर्यटक सूचना केंद्र में भी चोरी होने की सूचना दी गई थी। जिसमें बताया गया कि अज्ञात बदमाश केंद्र से एलईडी, एल्यूमीनियम के 24 फ्रेम के साथ ही अन्य सामान ले गए हैं। बताया कि दोनों चोरियों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि इन दोनों चोरियों में स्टेडियम कालोनी लकड़ीपड़ाव निवासी शाहरूख, अरशान व नजीबाबाद निवासी शादाब का हाथ ही।

पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर इनकी निशानदेही पर गाड़ीघाट से चोरी का शत प्रतिशत सामान बरामद किया। बताया कि गोदाम से एक वाहन भी बरामद हुआ है। जो आरोपित शाहरूख के नाम पर पंजीकृत है।

### श्रमिक बनकर गया फिर की रेकी

पुलिस पूछताछ में शाहरूख ने बताया कि वह छः जनवरी को वह काम की तलाश में झंडाचौक में खड़ा था। इसी दौरान टावर व बिजली का कार्य कर रही कंपनी का एक कर्मी उसे लेबरी के लिए आमसौड़ के समीप कार्यस्थल पर ले गया। बताया कि लेबरी के दौरान उसने पूरे स्थल की रेकी कर ली थी और रात के अंधेरे में अरशान व शादाब के साथ मिलकर उक्त सामान चोरी किया। शाहरूख के खिलाफ गैंगस्टर सहित कुल आठ मुकदमे दर्ज हैं। पूर्व में वह जिलाबदर भी हो चुका है।

# पूर्व सैनिकों ने उठाई मांग, भाजपा के भी भ्रष्ट नेताओं पर हो कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने भारतीय जनता पार्टी के भ्रष्ट नेताओं पर भी कार्रवाई करने की मांग की है। कहा कि सभी पार्टी के भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे देश में रामराज की कल्पना साकार हो सकती है।

अपर कालाबड़ स्थित कार्यालय में पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मोदी सरकार के भ्रष्टाचार पर प्रहार करने की कार्रवाई का स्वागत किया गया। कहा कि नरेंद्र मोदी के देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। देश की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक प्रगति की ओर आगे बढ़ा है। मोदी सरकार अपने मजबूत इरादे के बल पर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है लेकिन, भारतीय जनता पार्टी में कुछ ऐसे नेता हैं, जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे है। देश में अगर सचमुच रामराज लाना है तो भ्रष्टाचार के आरोपी भाजपा नेताओं पर कार्रवाई होनी जरूरी है, जिससे देश में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए सही संदेश दिया जा सके। इस मौके पर सीपी डोबरियाल, अनूप सिंह बिष्ट, बलवान सिंह रावत, संजय असवाल, विनोद चंद्र ध्यानी, देवेंद्र सिंह नेगी, सीपी धूलिया, पुष्कर सिंह रावत मौजूद रहे।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, जिंदा जल गया युवक

**कोटद्वार** : कालागढ़ की नई कॉलोनी में मकान नंबर सी-64 में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। घर में अकेला युवक इस आग में जिंदा जल गया। पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर उसका शव निकाला।नई कॉलोनी निवासी आकाश गोयल पुत्र हरिकृष्ण गुप्ता बुधवार की रात घर में अकेला था। रात दस बजे करीब शॉर्ट सर्किट के कारण उसके मकान में आग लग गई। बताया गया कि वह सोया हुआ था। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आस पास के लोगों ने दरवाजा तोड़ा। अंदर जाकर देखा तो आकाश की जलकर मृत्यु हो गई थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कोटद्वार भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रहे हैं। यह मामला शॉर्ट सर्किट का प्रतीत होता है। घर में आग लगने के बाद एक तेज धमाका भी सुना गया। संभवत यह किसी उपकरण के फटने से हुआ।

# आबादी क्षेत्र से हटाया जाएं ट्रेंचिंग ग्राउंड, उक्रांद का धरना जारी

### शहर की समस्या को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने चौथे दिन भी दिया धरना

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : गाड़ीघाट क्षेत्र में आबादी के बीच संचालित हो रहे ट्रेंचिंग ग्राउंड के विरोध में उत्तराखंड क्रांति दल ने कुंभीचौड़ चौराहे में धरना दिया। कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड को आबादी क्षेत्र से हटवाने की मांग की है।

यूकेडी के संरक्षक और मार्गदर्शक मंडल के अध्यक्ष डॉ. शक्तिशैल कपरवाण के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने धरना दिया। शिक्षाविद पदम सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड और पहाड़ की समस्याओं के समाधान के लिए सड़क से लेकर संसद तक उत्तराखंड क्रांति दल के प्रतिनिधि चुने जाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जनता राष्ट्रीय पार्टियों के उत्तराखंड विरोधी नीतियों के कारण हताश है और अब जनता क्षेत्रीय पार्टी यूकेडी को विकल्प के रूप में चुनना चाहती है। डॉ. कपरवाण ने



समस्या को लेकर धरना देते उक्रांद कार्यकर्ता

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से मांग कि कोटद्वार का वर्तमान कूड़ा घर को हटाकर महानगर की परिधि से बाहर ट्रैचिंग ग्राउंड (डंपिंग ग्राउंड) बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सनेह पट्टी में जंगली जानवरों का बहुत आतंक है, उससे जनता की सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं। निराश्रित घूमते पशुओं की नगर निगम व्यवस्था करे। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी मांग की सनेह पट्टी की पेयजल योजनाओं, नहरों, गूलों व सड़कों का निर्माण व मरम्मत की जाय। डॉ. कपरवाण ने कहा कि नगर निगम के निर्माण से सनेह क्षेत्र के किसानों को बहुत नुकसान हुआ है, इसलिए सरकार को उनकी भरपाई करनी चाहिए। इस मौके पर पूर्व प्रधान विशेश्वरी झिंकवाण, प्रवेंद्र सिंह रावत, सैनिक संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत, दीपक सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## पेंशनर 20 फरवरी तक जमा करें प्रमाण पत्र

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : समस्त पेंशनर अनिवार्य रूप से अपनी आय का विवरण व छूट हेतु जमा/निवेश की धनराशि का प्रमाण पत्र आगामी 20 फरवरी, 2024 से पूर्व उपकोषागार में जमा कराएं।

उपकोषाधिकारी श्रीनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि समस्त पेंशनर जिन पेंशनरों की वर्ष 2023-24 की आय आयकर दायरे में आती है वे अनिवार्य रूप से अपनी आय का विवरण व छूट हेतु जमा/निवेश की धनराशि का प्रमाण पत्र आगामी 20 फरवरी, 2024 से पूर्व उपकोषागार में जमा करें। जिससे आयकर में नियमानुसार छूट प्रदान की जा सके। उपकोषाधिकारी ने बताया कि यदि पेंशनर देय आयकर को चालान से जमा करते हैं तो चालान की प्रति भी अनिवार्य रूप से उपकोषागार में जमा करें। जो कर्मचारी पेंशनर प्राप्त करते हैं वे अपनी पेंशन व वेतन की कुल आय पर आयकर आंगणन कर उपकोषागार को इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि समस्त पेंशनरों की निर्धारित तिथि तक आयकर विवरण उपकोषागार में जमा करने के उपरांत माह फरवरी, 2024 की पेंशन आहरित की जायेगी।

# द्वारीखाल ब्लॉक के सैकड़ों कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन



भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने वाले सदस्य।

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र सिंह राणा की अगुवाई में ब्लॉक के कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी का दामन थामा। राणा पहले ही बीजेपी में शामिल हो गए थे।

बीजेपी मंडल अध्यक्ष सुखपाल नेगी की अगुवाई में कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। बैठक में बीजेपी मंडल अध्यक्ष सुखपाल सिंह नेगी ने कहा कि ब्लाक प्रमुख और उनके समर्थकों के पार्टी में शामिल होने पर कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। इससे पार्टी को मजबूती मिली है। बीजेपी मंडल कार्यकार्यरिणी ने ब्लाक प्रमुख का शॉल ओढाकर स्वागत किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख महेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि पार्टी के केंद्र और प्रदेश नेतृत्व से प्रभावित होकर उन्होंने बीजेपी का दामन थामा है। कहा कि बीजेपी एक अनुशासित पार्टी है। मैं एक सिपाही के तौर पर इसमें शामिल हुआ हूं। पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। इसके लिए सभी को मिल जुल कर काम करना होगा। इस मौके पर राजेश बिष्ट, ललित मोहन कण्डवाल, दीपक कुकरेती, छत्रपाल सिंह, नत्थीलाल, हर्षमोहन डबराल, भुवनेश डबराल, संदीप राणा, उपेन्द्र रावत आदि भी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। कार्यक्रम में बीजेपी महिला मोर्चा सदस्य रेनू उनियाल, हर्षदेव नैथानी, मण्डल उपाध्यक्ष नीरज कण्डवाल, रविन्द्र रावत, रविन्द्र डबराल, शोभा नैथानी, नरेश नैथानी, अजीत भण्डारी आदि भी मौजूद रहे।

# आंदोलनकारी मंच की प्रदेश सचिव ने दिया सांकेतिक धरना

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : चिह्नित राज्य आंदोलनकारी मंच ने लंबित प्रकरणों का हल नहीं होने पर नाराजगी जताई है। मंच की प्रदेश सचिव बीरा भंडारी ने आंदोलनकारियों के लंबित प्रकरणों को लेकर बैठक में कोई हल नहीं निकल पाने पर रोष व्यक्त किया। आंदोलनकारियों के आवेदनों पर फैसला नहीं होने पर डीएम परिसर के बाहर सांकेतिक धरना दिया।

स्व. एचएन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर सांकेतिक धरने पर बैठी राज्य आंदोलनकारी बीरा भंडारी ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से बीते बुधवार की शाम को बैठक बुलाई गई थी। चयन समिति में बतौर सदस्य वह बैठक में पहुंची, लेकिन बैठक में आंदोलनकारियों के हितों को लेकर कोई निर्णय नहीं हो सका। जिसको लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए गुरुवार को डीएम कार्यालय के बाहर हेमवती नंदन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर सांकेतिक धरना दिया।

उन्होंने चेतावनी दी कि राज्य आंदोलनकारी के हितों को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के हितों को लेकर 12 फरवरी को बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें चयन के लिए लंबित आवेदनों के निस्तारण को लेकर विचार किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी किया जाएगा। इस मौके पर शकुंतला राणा, दुर्गी देवी, विनोद सिंह शामिल रहे।

## तीन खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**श्रीनगर गढ़वाल** : कीर्तिनगर ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज नागराजाधार कड़ाकोट में एन इनिशिएटिव टच योर सोल संस्था नई दिल्ली की टीम ने विद्यालय में उपलब्ध एवं आवश्यक संसाधनों के विषय में चर्चा की। संस्था विगत कई वर्षों से उत्तराखण्ड में कोई भी बच्चा गरीबी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति अच्छे स्वास्थ्य के लिए चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर रही है। इस मौके पर बिहार (छपरा) में आयोजित 67वें नेशनल स्कूल गेम्स फुटबॉल चैंपियनशिप में विद्यालय में प्रतिभाग करने वाली अंजली, सौम्या, कोमल और अजय जैन को सम्मानित किया गया। इस मौके पर टच योर सोल संस्था की संस्थापक मधु चौधरी, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विजय मोहन गैरोला, पारुल अरोड़ा, नीरज कौशल, सतीश बलूनी, बलवीर सिंह रावत, जयवीर सिंह रतूड़ी, पीएस कठैत, सरला रावत, रविन्द्र भट्ट, मानवेन्द्र पंवार, अर्जुन रावत सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों की दी जानकारी

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत झंडिचौड़ स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में समगी शिक्षा अभियान के तहत छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों की जानकारी दी गई। इस दौरान जानकारी को अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंचाने की भी अपील की गई।

कार्यशाला में छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. आकांक्षा ने कहा कि इस अवस्था में सही जानकारी के अभाव में बालिकाएं कुंठित हो सकती हैं। कहा कि यह ऐसी अवस्था है जिसमें जानकारी का अभाव भ्रमित करता है। इस कारण शारीरिक और मानसिक विकास अवरुद्ध होता है और बालिकाएं विभिन्न रोगों से ग्रसित हो जाती हैं। इसलिए इस




कार्यशाला में छात्राओं को जानकारी देते सदस्य

उम्र में बालिकाओं को सही जानकारी देना आवश्यक है। दीप्ति पांडेय ने छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले विभिन्न परिवर्तनों पर जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुनीता बिष्ट ने किया।

# लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए तेजी से कार्य करें : डीएम

### जिलाधिकारी ने ली जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : जिला कार्यालय सभागार में बैंकर्स की जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उन्होंने इण्डसिण्ड बैंक अधिकारी के बैठक में अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने तथा सीडी रैशियो की कम प्रगति पर एसबीआई, पीएनबी व इण्डसिण्ड बैंक के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में प्रदेश स्तर पर पहला स्थान प्राप्त करने पर बैंकर्स व सम्बन्धित विभागों को बधाई दी।

गुरूवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों की बैंक अधिकारियों से अनुपालन आख्या की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों व बैंक अधिकारियों को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत वार्षिक लक्ष्य 700 के सापेक्ष 977 आवेदन वितरित किये। पर्यटन विभाग द्वारा होमस्टे का निर्धारित लक्ष्य 20 के सापेक्ष 11 आवेदन स्वीकृत किये हैं। जिलाधिकारी ने पर्यटन अधिकारी को लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश




डीएम डॉ. आशीष चौहान अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

दिये। जिलाधिकारी ने सीडी रैशियो की कम प्रगति पर संबंधित बैंक अधिकारियों को चेतावनी देते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये।

बीते वर्ष माह सितम्बर, 2023 में सीडी रैशियो 25.71 था तथा माह दिसम्बर, 2023 में 26.55 बढ़ा है। जनपद में केसीसी 2023-24 का लक्ष्य 33000 है जिसमें बीते वर्ष दिसम्बर माह तक 32924 किसानों को केसीसी जारी कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने समस्त बैंक अधिकारियों को किसानों को केसीसी की प्रगति तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं, जिससे किसानों को उसका लाभ मिल सकेगा। साथ ही उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में समस्त खंड विकास अधिकारियों से सर्वे कराने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि समस्त बैंकर्स व विभागीय अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद, लीड बैंक अधिकारी अनिल कटारिया, डीडीएम नावार्ड हिमांक शर्मा, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री सहित अन्य अधिकारी व बैंकर्स उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर हिस्ट्रीशीटरों पर नजर रखे

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : प्रभारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को अभी से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी थाना प्रभारी प्रचलित हिस्ट्रीशीटरो पर नजर रखे।

गुरुवार को प्रभारी एसएसपी जया बलोनी ने वीसी के माध्यम से बैठक लेते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले सक्रिय अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध गुण्डा अधिनियम के तहत कार्यवाही कर समय से जिला बदर की कार्यवाही कर ली जाए।

उन्होंने शराब तस्कर, ड्रग माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, सभी निवासरत शस्त्र धारको का सत्यापन कर अधिक से अधिक शस्त्र जमा करने, जिले के गैर राज्य की सीमा व गैर जिलों की सीमाओं पर अन्तर्राज्जीय, अन्तरजनपदीय बैरियर स्थापित करने, बैरियरों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, जिले के सीमावर्ती थाने अन्तर्जनपदीय बार्डर पर संबंधित जिलो के सक्षम अधिकारियो से गोष्ठी करने के निर्देश दिए।

## लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक सीटें जीतेंगे : नैथानी

**उत्तरकाशी** : लोकसभा चुनाव को लेकर टिहरी लोकसभा सीट के कांग्रेस पर्यवेक्षक मंत्री प्रसाद मैथानी ने पुरोला में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मिलकर चुनाव को लेकर चर्चा की। कहा कि संविधान एवं लोकतंत्र बचाने को आगामी लोकसभा चुनाव में उतरकर अधिक से अधिक सीटें जीतेंगे। पूर्व मंत्री व कांग्रेस के लोकसभा टिहरी संसदीय क्षेत्र के पर्यवेक्षक मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि आज का दौर चापलूसों व ठेकेदारों का है जो बगैर विचारधारा के लोग हैं। केवल ठेकेदारी, विधायक निधि आदि अल्प लालच के चलते ही भाजपा में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव केवल सांसदों का चुनाव नहीं है,

## गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहा फाउंडेशन

**रुद्रप्रयाग** : ब्लॉक के सुदूरवर्ती गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से प्यारे फाउंडेशन लगातार प्रयासरत है। गेल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से प्यारे फाउंडेशन द्वारा 2012 से विभिन्न गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श भी उपलब्ध कराया जा रहा है। फाउंडेशन द्वारा सीमांत गडगु, कालीमठ, आयुर्वेदिक विद्यालय विद्यापीठ एवं रायड़ी में शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ खून की जांच के लिए सैम्पल भी एकत्रित किए गए। प्यारे फाउंडेशन की अध्यक्ष अंजलि थपलियाल ने बताया कि ब्लॉक के दुर्गम क्षेत्रो में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न गांवों में लघु दवाखानों का संचालन किया जा रहा है जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। कालीमठ, मद्महेश्वर एवं तुंगनाथ घाटी के विभिन्न गांवों में फाउंडेशन द्वारा शिविरों का आयोजन किया गया।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338